डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

वर्ष-39 अंक-10 मूल्य रु. 2.00

## गरीबों को भी अच्छा जीवन जीने का अधिकार, यही है सामाजिक न्याय - मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में पंचतीर्थ को किया जायेगा शामिल

**भोपाल, मध्यप्रदेश के हर गरीब को मकान मालिक बनाने का अभियान जारी है। राज्य सरकार का संकल्प है कि हर गरीब के चेहरे पर सुकून हो और उसके बच्चों के चेहरों पर मुस्कान हो। वास्तव में यही सामाजिक न्याय है। गरीब केवल गरीब रहने के लिए पैदा नहीं हुआ है। उसे भी अच्छा जीवन जीने का अधिकार है। गरीब की जिंदगी बदलना हमारा लक्ष्य है। बाबा साहेब अम्बेडकर स्वतंत्रता, समानता और सबको आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए समर्पित थे। अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के लिए सामाजिक, आर्थिक समानता और न्याय का सपना यदि किसी ने साकार किया है, तो वह केवल बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने किया। राज्य सरकार बाबा साहेब के सामाजिक समरसता और सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत रत्न, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 131वीं जयंती पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 131वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर कहते थे कि मनुष्य का जीवन लंबा होने के बजाए महान होना चाहिए। वे अद्‌भुत प्रतिभा के धनी थे। भारत में दलितों, पीड़ितों, शोषितों और उपेक्षितों के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के वे सबसे प्रबल पुंज थे। बाबा साहेब अम्बेडकर ने ही भारत के करोड़ों नागरिकों को वोट देकर सरकार चुनने और विविधता होते हुए भी एकता और समानता का अधिकार दिलाया। बाबा साहेब के विचारों के परिणामस्वरूप ही देश के नागरिकों को अभिव्यक्ति, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता का अधिकार मिला।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश में बाबा साहेब अम्बेडकर को समर्पित पंचतीर्थ की स्थापना हुई। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में पंचतीर्थ को सम्मिलित किया जाएगा, जिससे बाबा साहेब के अनुयायी सुविधाजनक उनसे संबंधित स्थलों का दर्शन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षित बनने के लिए प्रेरित किया। उनके दिखाए मार्ग के अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए राज्य सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध करा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दीपावली तक प्रति व्यक्ति पांच किलो निःशुल्क राशन की व्यवस्था की गई है। यह संत रविदास के संदेश 'ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न-छोट बड़ों सब सम यसे, रविदास रहे सदा प्रसन्न' की भावना को मूर्तरूप देने का प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने गरीबों के मकानों के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि मध्यप्रदेश, बाबा साहेब अम्बेडकर की जन्म-स्थली है। यह प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए प्रदेश में विभिन्न योजनाएं जारी हैं।

### छात्रावासों के लिये पर्याप्त बजट

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रावासों के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय सेवा में भर्ती के साथ रोज़गार के अन्य अवसर उपलब्ध कराने के लिए भी विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। प्रदेश में प्रतिमाह एक दिन रोज़गार दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें लाखों युवाओं को रोज़गार मिल रहा है। प्रतिमाह रोज़गार दिवस मनाने का यह क्रम जारी रहेगा।

### प्रतिवर्ष दस लाख गरीबों को मिलेंगे आवास

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अगले तीन साल में प्रतिवर्ष 10 लाख आवास गरीबों को उपलब्ध कराए जाएंगे। राज्य सरकार कुल 30 लाख मकान बनाकर गरीबों को उपलब्ध कराएगी। माफिया से मुक्त कराई गई 21 हजार एकड़ जमीन भी गरीबों को बांट दी जाएगी। श्री चौहान ने प्रत्येक परिवार को आवासीय पट्टा उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री भू-आवासीय अधिकार योजना की भी जानकारी दी।

मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना

### विद्यार्थियों को मिलेगी उच्च शिक्षा के लिए सहायता

**भोपाल,** मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना में उच्च शिक्षा के लिए शिक्षण शुल्क की व्यवस्था राज्य सरकार करेगी। विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा के अनुकूल अजीविका मिले, इसमें अब अर्थाभाव आड़े नहीं आएगा। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में युवाओं को औद्योगिक इकाई प्रारंभ करने के लिए 1 से 50 लाख रुपये तक की राशि दिलवाई जाएगी। प्रदेश में शीघ्र ही नई स्टार्टअप नीति आ रही है। इंदौर के युवाओं ने स्टार्टअप के क्षेत्र में रुचि ली है। करीब 600 कंपनियां इंदौर में कार्य कर रही हैं। युवाओं को स्टार्टअप के लिए सभी संभव सहयोग राज्य सरकार करेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में बंसल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों को प्लेसमेंट लेटर प्रदान करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कुछ विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। उन्होंने सरकारी स्कूल में हिंदी माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने, 11वीं कक्षा में अध्ययन करते हुए आपातकाल में कारावास जाने, फिर सामाजिक कार्यों में भागीदारी करते हुए संगठनों के लिए किए गए कार्य, इसके बाद विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री के रूप में किए गए कार्य का ब्यौरा दिया। श्री चौहान ने कहा कि दृढ़ संकल्प से व्यक्ति सफलता प्राप्त करता है। मध्यप्रदेश को देश का ही नहीं, बल्कि दुनिया का अद्‌भुत राज्य बनाने के लिए वे जिद, जुनून और जज्बे से कार्य कर रहे हैं। स्वामी विवेकानंद उनके आदर्श हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा प्रदेश तेजी से विकास की ओर बढ़ा है। प्रदेश की विकास दर 19.7 प्रतिशत है, जो अन्य राज्यों से अधिक है। इसी तरह देश की जीडीपी में मध्यप्रदेश का योगदान 3.6 प्रतिशत से बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गया है। एक समय प्रदेश की प्रति व्यक्ति औसत वार्षिक आय 13 हजार रुपये थी, जो निरंतर वृद्धि के बाद 1 लाख 23 हजार वार्षिक हो गई है। अब मध्यप्रदेश अग्रणी प्रदेशों में शामिल है।

खास खबर

### नुकसान वसूली के लिए शीघ्र गठित होगा ट्रिब्यूनल

**भोपाल,** अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा ने बताया है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार खरगोन में हुई साम्प्रदायिक हिंसा के कारण सम्पत्ति को हुए नुकसान की वसूली की जाएगी। डॉ. राजौरा ने बताया कि मध्यप्रदेश लोक एवं निजी सम्पत्ति को नुकसान का निवारण एवं नुकसानी की वसूली विधेयक 2021 के प्रावधानों के अनुसार वसूली होगी। इसके लिए शीघ्र ही क्लेम ट्रिब्यूनल भी गठित किया जाएगा।

### अंदर के पृष्ठों पर


- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण


कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस

## प्रदेशवासियों को सुशासन देना हमारा संकल्प - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** प्रदेशवासियों को सुशासन देना हमारा संकल्प है और विकास एवं जन-कल्याण की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर प्रदेशवासियों की जिंदगी बदलना हमारा लक्ष्य है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण की जिम्मेदारी राज्य स्तरीय अधिकारियों के साथ जिलों में पदस्थ अधिकारियों की भी है। माफिया जन-सामान्य का जीवन कठिन बनाते हैं। प्रदेश में माफिया और दुराचारी के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान जारी रहेगा। राजदंड का पालन करना धर्म ही है। कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस मूल्यांकन का माध्यम है, जो प्रतिमाह जारी रहेगा। हमें प्रदेश की व्यवस्था को देश में सर्वश्रेष्ठ बनाना है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भू-माफिया और गुंडे-बदमाशों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनके खिलाफ कार्यवाही जारी रहे और कड़ी कानूनी कार्यवाही के साथ उन्हें आर्थिक रूप से भी नेस्तनाबूद किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा है कि माफिया और दबंगों के भय और मनोबल को तोड़ना है। इसके साथ आम नागरिकों का हौसला बढ़ाया जाए, जिससे वे स्वयं माफिया और दबंगों के खिलाफ आवाज उठा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि माफियाओं से मुक्त कराई गई भूमि, गरीबों को आवास के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। कानून-व्यवस्था स्थापित करने और भय मुक्ति का यह मध्यप्रदेश मॉडल है। प्रदेश में माफियाओं के विरुद्ध हुई कार्यवाहियों का इंपैक्ट एसेसमेंट कराया जाए। बैठक में बताया गया कि भू-माफिया, गुंडों और अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए प्रदेश में जनवरी से 31 मार्च तक 1791 प्रकरण दर्ज किए गए। अब तक 3814 अवैध अतिक्रमण तोड़े जाकर 2244 एकड़ भूमि मुक्त कराई गई है, जिसकी लागत लगभग 671 करोड़ रुपये है। इन कार्रवाइयों में भोपाल, खरगोन, इंदौर, झाबुआ और टीकमगढ़ जिले शीर्ष पर रहे हैं। सीहोर जिले में सर्वाधिक 309 और ग्वालियर में 281 एकड़ भूमि मुक्त कराई गई है। कमजोर कार्यवाही वाले जिलों में सागर, शाजापुर, कटनी, नर्मदापुरम, सतना, शिवपुरी, सीधी, नरसिंहपुर और डिंडोरी शामिल है।

## राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को चैंपियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड से किया सम्मानित

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को चैंपियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड से सम्मानित करते हुये।

**भोपाल,** समाज को नई दिशा देने वाले बदलावों के सम्मान से जन-मानस को जीवन की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा और विश्वास मिलता है। यह बात राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भोपाल में चैंपियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड समारोह को संबोधित करते हुये कही।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सम्मानित प्रतिभाओं का समाज में योगदान बताता है कि मनुष्य अपनी क्षमताओं को पहचान कर ब्रह्मांड को कमांड कर सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि समावेशी विकास प्रयासों में जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने वालों का सम्मान समाज में समरसता और सद्‌भावना को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया ने हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं, आर्थिक शक्ति, वैज्ञानिक कौशल, संस्कृति और विविधता का लोहा माना है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पूरी होने के साथ यह सुनिश्चित करना होगा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी बाधाएं दूर हों। समाज के वंचित वर्गों के लिए न्याय के प्रयासों और विकास के अवसर विस्तारित हों।

*(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)*

## 9 अप्रैल

### डीआरडीओ ने किया एसएफडीआर मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण

● रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक मिसाइल सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह मिसाइल सिस्टम किसी मिसाइल को सुपरसोनिक स्पीड से काफी दूरी पर हवाई खतरों को रोकने में सक्षम बनाता है। डीआरडीओ के अधिकारियों ने बताया कि ओडिशा के चांदीपुर एकीकृत रेंज में सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) बूस्टर का सफल परीक्षण किया गया है। एसएफडीआर के सफल टेस्ट से डीआरडीओ को हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की मारक क्षमता की सीमा बढ़ाने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्रालय ने एसएफडीआर बूस्टर के सफल परीक्षण पर कहा कि इस कॉम्प्लेक्स मिसाइल सिस्टम ने शानदार प्रदर्शन किया और मिशन के सभी उद्देश्य पूरे किये हैं।

● भारत की प्रमुख दवा कंपनी कैडिला फार्मास्युटिकल्स ने रेबीज के खिलाफ दुनिया की पहली तीन डोज वाली नई वैक्सीन विकसित की है। कंपनी ने इस वैक्सीन को लॉन्च कर दिया है। यह वैक्सीन गुजरात सहित देश के 11 राज्यों में जल्द ही मिलने लगेगी। इस वैक्सीन के एक डोज की कीमत लगभग 750 रुपये है। कैडिला फार्मास्युटिकल्स ने एक विज्ञप्ति में बताया कि यह वैक्सीन जी प्रोटीन को मिलाकर पार्टिकल तकनीक से तैयार की गई है। इस वैक्सीन को 'थरवीस' नाम दिया गया है। कंपनी ने बताया कि इस वैक्सीन को बनाने में 12 वर्ष लगे हैं।

## 10 अप्रैल

### सऊदी अरब ने हज यात्रियों की संख्या 10 लाख तय की

● सऊदी अरब ने कोरोना संक्रमण को देखते हुये हज यात्रा को लेकर नई गाइड लाइन जारी की है। गाइड लाइन के अनुसार इस वर्ष सिर्फ 10 लाख लोग ही हज यात्रा कर सकेंगे। सऊदी अरब ने कहा कि इस वर्ष देश और विदेश से आने वाले ऐसे मुस्लिम हज यात्रा कर पायेंगे, जिन्होंने कोरोना वैक्सीन के सभी डोज लगवा लिये हों। इसके साथ ही 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोग हज यात्रा में शामिल नहीं हो पायेंगे। सऊदी अरब के एक मंत्रालय ने कहा कि विदेश से आने वाले हज यात्रियों को कोरोना टेस्ट की नेगेटिव रिपोर्ट पेश करनी होगी, साथ ही उन्हें अन्य स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां भी बरतनी होंगी।

● अंतरिक्ष यात्रियों का पहला निजी दल अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंच गया है। चार यात्रियों वाले इस निजी दल को ह्यूस्टन की एक स्टार्टअप कंपनी एग्जिओम स्पेस इंक की तरफ से अंतरिक्ष में रिसर्च करने के लिये भेजा गया है। इस दल ने अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेस एक्स के फॉल्कन-9 रॉकेट से उड़ान भरी थी। इस रॉकेट को लॉन्च किये जाने के बाद आईएसएस पहुंचने में 21 घंटे का समय लगा। यह दल आईएसएस में आठ दिन तक रहकर विभिन्न शोध करेगा। इस दल का नेतृत्व एस्ट्रोनॉट माइकल लोपेज अल्जीरिया कर रहे हैं।

## 11 अप्रैल

### भारत ने प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के लिये बनाई उच्च स्तरीय समिति

● केंद्र सरकार ने अमेरिका से प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के लिये उच्च अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। ये समिति

तीनों सेनाओं की जरूरतों का आकलन करेगी, जिसके आधार पर प्रीडेटर ड्रोन की खरीदी की अग्रिम योजना बनाई जायेगी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ मुख्यालय के लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के अधिकारी की अध्यक्षता में यह समिति गठित की गई है। समिति प्रीडेटर ड्रोन की संख्या तय करेगी और आकलन करेगी कि तीनों सेनाओं की जरूरत को पूरा करने के लिये कितने प्रीडेटर ड्रोन खरीदने चाहिये। अभी भारत के पास अमेरिका से लीज पर लिये गये दो प्रीडेटर ड्रोन हैं। प्रीडेटर ड्रोन का उपयोग निगरानी के साथ-साथ दुश्मन के ठिकानों पर हमला करने के लिये भी किया जा सकता है।

● आर्थिक संकट का सामना कर रहे नेपाल की सरकार ने एक असाधारण कदम उठाते हुये केंद्रीय बैंक (नेपाल राष्ट्र बैंक) के गवर्नर को सस्पेंड कर दिया है। दरअसल नेपाल की अर्थव्यवस्था को उबारने के लिये पर्याप्त कदम नहीं उठाने को लेकर गवर्नर महाप्रसाद अधिकारी और नेपाल के वित्त मंत्री जनार्दन शर्मा के बीच मतभेद हो गये थे। गवर्नर ने कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से कम हो रहा है। वस्तुओं और सेवाओं के आयात के लिये नेपाल के पास अब केवल छह महीने का विदेशी मुद्रा भंडार बचा है। ऐसे में विलासिता से जुड़ी अन्य वस्तुओं के आयात पर गवर्नर ने प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं नेपाल सरकार ने कहा कि गवर्नर महाप्रसाद अधिकारी अर्थव्यवस्था को संभालने में विफल रहे हैं।

## 12 अप्रैल

### जून माह में आयोजित होगी यूजीसी नेट-2022 परीक्षा

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) का आयोजन जून 2022 में किया जायेगा। यह परीक्षा दिसम्बर 2021 और जून 2022 सत्र के लिये आयोजित की जायेगी। परीक्षा का आयोजन जून के पहले और दूसरे सप्ताह में हो सकता है। यूजीसी के चेयरमैन श्री जगदीश कुमार ने सोशल मीडिया के जरिये बताया कि यूजीसी नेट की दिसम्बर 2021 और जून 2022 की संयुक्त परीक्षा जून महीने में आयोजित की जायेगी। परीक्षा की तारीखों की घोषणा जल्द ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा की जायेगी। उल्लेखनीय है कि यूजीसी नेट परीक्षा वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से दोनों परीक्षाओं को एक साथ आयोजित किये जाने का फैसला लिया गया है।

● भारत ने दुनिया के सबसे उन्नत टैंक रोधी हथियारों में से एक हेलिना गाइडेड मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया। पोखरण फायरिंग रेंज में किये गये इस परीक्षण ने एक सिमुलेटेड टैंक को नष्ट कर दिया। इस मिसाइल को होम मेड एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर से लॉन्च किया गया। यह परीक्षण संयुक्त रूप से रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिकों, भारतीय थलसेना और वायुसेना की देख-रेख में किया गया। इस एंटी टैंक मिसाइल का वजन लगभग 45 किलोग्राम है, ये छह फीट लंबी है। हेलीकॉप्टर से लॉन्च की जाने वाली नाग मिसाइल की रेंज बढ़ाकर इसे 'ध्रुवास्त्र हेलिना' नाम दिया गया है।

## 13 अप्रैल

### आरआरबी ने रेलवे एनटीपीसी भर्ती के दूसरे चरण का शेड्यूल किया जारी

● रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने विभिन्न रेलवे जोन में नॉन टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी (एनटीपीसी) भर्ती के दूसरे चरण की परीक्षा की घोषणा की है। यह परीक्षा सीबीटी यानी कम्प्यूटर बेस्ड होगी। आरआरबी ने इस परीक्षा का शेड्यूल जारी किया है। आरआरबी सीबीटी-2 का आयोजन 9 और 10 मई, 2022 को देशभर में विभिन्न परीक्षा केंद्रों में किया जायेगा। आरआरबी ने बताया कि घोषित तारीखों पर कम्प्यूटर बेस्ट टेस्ट के दूसरे चरण का आयोजन सिर्फ भर्ती के पे-लेवल 4 और 6 के लिये किया जायेगा। वहीं पे-लेवल 2, 3 और 5 के लिये सीबीटी-2 की तारीखों की घोषणा बोर्ड द्वारा बाद में की जायेगी।

● पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) ने इस वर्ष कच्चे तेल की वैश्विक मांग को लेकर अपने अनुमान में कटौती की है। ओपेक ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध और वैश्विक महंगाई की वजह से अनुमान में कटौती की गई है। ओपेक ने अपनी मासिक रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2022 के दौरान पूरी दुनिया में रोजाना 36.7 लाख बैरल कच्चे तेल की मांग रहेगी। ये पिछले अनुमान की तुलना में 4.80 लाख बैरल कम है। रिपोर्ट के अनुसार रूस और यूक्रेन इस वर्ष मंदी की गिरफ्त में रहेंगे और इसका असर इन दोनों देशों तक ही सीमित नहीं होगा, बल्कि व्यापक हो सकता है।

## 14 अप्रैल

### यूजीसी ने दो डिग्री कोर्स को लेकर जारी किये दिशा-निर्देश

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विद्यार्थियों को दो फुल टाइम डिग्री कोर्स एक ही समय पर करने की अनुमति दी है। यूजीसी ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने बताया कि विद्यार्थी अब एक ही विश्वविद्यालय से या अलग-अलग संस्थानों से दो फुल टाइम डिग्री कोर्स में एक साथ पढ़ाई कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि दो फुल टाइम डिग्री कोर्स एक साथ करने के लिये दोनों की क्लास टाइमिंग अलग होनी चाहिये। एक कोर्स फिजिकल मोड में और दूसरा डिस्टेंस लर्निंग या ऑनलाइन कर सकते हैं। डिस्टेंस लर्निंग या ऑनलाइन मोड के डिग्री या डिप्लोमा कोर्स यूजीसी या भारत सरकार से मान्यता प्राप्त होने चाहिये। यह नियम पीएचडी को छोड़ सभी कोर्स के लिये है।

● अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने भारतीय दवा कंपनी भारत बायोटेक की कोरोना रोधी वैक्सीन कोवैक्सीन के दूसरे और तीसरे चरण के क्लीनिकल ट्रायल पर रोक लगा दी है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार एफडीए ने यह निर्णय टीके के परीक्षण में शामिल प्रतिभागियों को वैक्सीन देने में स्वैच्छिक रूप से अस्थाई रोक लगाने के अमेरिकी दवा कंपनी ओकुजेन इंक के निर्णय के आधार पर लिया है। ओकुजेन इंक ने कहा कि भारत में कोवैक्सीन के विनिर्माण संयंत्रों पर डब्ल्यूएचओ की टिप्पणी के बाद प्रतिभागियों को वैक्सीन देने पर रोक लगाने का फैसला लिया है। उल्लेखनीय है कि ओकुजेन इंक अमेरिका और कनाडा में कोवैक्सीन के लिये भारत बायोटेक की साझेदार कंपनी है।

## 15 अप्रैल

### जेईई एडवांस्ड परीक्षा अब 28 अगस्त को आयोजित होगी

● भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में दाखिले के लिये आयोजित होने वाली ज्वाइंट एंट्रेस एग्जाम (जेईई) एडवांस्ड परीक्षा की तारीखों में बदलाव किया गया है। पहले जेईई एडवांस्ड परीक्षा 3 जुलाई को आयोजित होनी थी, लेकिन रिवाइज्ड शेड्यूल के बाद अब यह परीक्षा 28 अगस्त को आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा का आयोजन आईआईटी बॉम्बे करेगा। आईआईटी बॉम्बे द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जेईई एडवांस्ड परीक्षा के लिये विद्यार्थी 7 अगस्त से 11 अगस्त 2022 तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यह परीक्षा देशभर के 209 केंद्रों पर सीबीटी (कम्प्यूटर बेस्ड) मोड में आयोजित की जायेगी। परीक्षा का आयोजन दो शिफ्ट में किया जायेगा। उम्मीदवार के लिये दोनों पेपर अटैंड करना अनिवार्य है।

● दक्षिण अफ्रीका के तटीय शहर डरबन में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। बाढ़ और भू-स्खलन की घटनाओं में सैकड़ों लोगों की मृत्यु हो गई है। डरबन शहर में बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान चलाया गया है। बाढ़ के चलते सैकड़ों लोग लापता बताये जा रहे हैं। ये पिछले 60 वर्षों में दक्षिण अफ्रीका में पहली बार ऐसी विनाशकारी बाढ़ है। बाढ़ के चलते डरबन स्थित अफ्रीका के सबसे बड़े बंदरगाह का कामकाज ठप्प हो गया है। बंदरगाह तक पहुंचने वाली सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त है।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)*


**पटवारी परीक्षा विशेषांक**

मध्यप्रदेश में पटवारी के 3000 पदों के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा की सफल तैयारी के लिए डॉ. जयंतीलाल भंडारी के मार्गदर्शन में तैयार

**पटवारी चयन परीक्षा विशेषांक –**

**प्रतियोगिता निर्देशिका**

मात्र ₹15

(ऑनलाइन मासिक पत्रिका)

मई 2022 अंक तुरंत खरीदें,

पढ़िए और चाहें तो प्रिंट करें ...

www.pratiyogitanirdeshika.com

पटवारी चयन परीक्षा के नोट्स के लिए सम्पर्क करें –

111, गुमाश्ता नगर, इन्दौर

☎ 0731- 2482060, 2480090

R-46910/2022



**APPOINTMENTS**

**SHRI UMIYA KANYA MAHAVIDYALAYA**

(NAAC Accredited "B" Grade College)

Affiliated to DAVV, Indore & Recognised By DHE, Bhopal, Govt. of MP

Umiya Dham, Rangwasa - Rau, Indore - 453331

Email : principal.sukm@gmail.com, Contact : +91 91796-25998, 99265-00234

FACULTY REQUIRED FOR ASST. PROF. & ASSOCIATE PROF.

DIPLOMA & PROFESSIONAL COURSES

Science, Commerce, Arts, Management, Education( B. Ed.), BCA & PG Diploma in Fashion Designing

Botany-2, Biotechnology-1, Seed Technology-1, Chemistry-3, Physics-1, Zoology-3, Microbiology-1, Commerce-6, Maths-1, Computer-3, Computer Sci.-3, Information Technology-1, Management-2, Economics1, Hindi-1, English-2, Home Science-1, Sociology-1, Political Science-1, B. Ed. Faculty -8, Librarian-1, Administrative Officer (Male-1)

Appointment shall be done as per UGC norms and College Code 28.

Interested candidate may mail or contact with resume other testimonials and two latest passport size photo within 15 days.

Principal

neelsun

R-46901/2022



साप्ताहिक **रोज़गार और निर्माण**

**में विज्ञापन के लिए दरें**

**टैरिफ**

| क्रमांक | ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm) | रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm) |
|---|---|---|
| 1. डीएवीपी (DAVP) रेट | 17.76 | 24.86 |
| 2. कॉन्ट्रैक्ट रेट | 70.00 | 98.00 |
| 3. कमर्शियल रेट | 80.00 | 112.00 |

**फुल पेज का आकार**

| | | |
|---|---|---|
| चौड़ाई | - | 25 सेंटीमीटर |
| लंबाई | - | 37 सेंटीमीटर |
| कुल वर्ग सेंटीमीटर | - | 925 वर्ग सेंटीमीटर |

संपर्क करें :

40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011

फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006

ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in

**नोट :** 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।

2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।



वर्ष 39, अंक 16 18.04.2022 से 24.04.2022

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-

**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**

फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

## सम्पादकीय

# शासकीय योजनाओं में पैसा खाने वाले भी माफियाओं के समान

शासन द्वारा क्रियान्वित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं और विकास गतिविधियां गरीबों के कल्याण, वंचितों के उत्थान और प्रदेशवासियों की सुविधा के लिये हैं। इनके क्रियान्वयन में पैसा खाने वाले लोग माफियाओं के समान हैं। अनियमितता और भ्रष्टाचार करने वालों को छोड़ा नहीं जायेगा। ऐसे व्यक्ति छापे और गिरफ्तारी के लिये तैयार रहें। प्रदेश में जिस प्रकार की कार्रवाईयां माफियाओं के विरुद्ध जारी हैं, ये लोग भी इसी प्रकार कार्रवाईयों के पात्र हैं। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किस्त की राशि डालने में विलंब के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छतरपुर, बालाघाट, कटनी, जबलपुर और मंडला को मुख्यमंत्री ने बधाई दी। छतरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से आवास पूर्णता में 101.7 प्रतिशत की उपलब्धि अर्जित करने के लिये किये गये नवाचारों के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने आवास निर्माण में समय पर जियो टैगिंग करने, सेंट्रिंग, ईंट, रेत और सीमेंट आदि की सामूहिक व्यवस्था कर निर्माण प्रक्रिया की किफायती और त्वरित बनाने और जिलों को नवाचार करने के लिये प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवास योजना क्रियान्वयन में प्रदेश को देश में प्रथम स्थान पर लाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवास योजना में हितग्राहियों की सूची को अंतिम रूप देने के बाद मुख्यमंत्री की ओर से सभी हितग्राहियों को आवास स्वीकृति संबंधी पत्र तत्काल प्रेषित किये जायें। पात्र परिवारों की सूची भी ग्राम स्तर पर चस्पा की जाये। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में निवाड़ी, अनूपपुर तथा टीकमगढ़ में योजना क्रियान्वयन की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री रसोई केंद्र तथा मुख्यमंत्री आश्रय स्थल के संबंध में भी जानकारी प्रस्तुत की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जल अभिषेक अभियान शुरू हो गया है। प्रत्येक ग्राम में सभा का आयोजन सुनिश्चित किया जाये। साथ ही तालाबों का निर्माण 15 जून तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बेहतर तालाब निर्माण के लिये मनरेगा में मजदूरी के साथ 15वें वित्त आयोग, राज्य वित्त तथा वाटरशेड में मशीनों का उपयोग भी किया जाये। कार्यस्थल पर इस आशय के बोर्ड भी स्पष्ट अंकित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निर्मित होने वाले तालाबों का लोकार्पण 15 जून को किया जाये। इस कार्यक्रम के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को भी आमंत्रित करेंगे। बैठक में जानकारी दी गई कि पुरस्कर धरोहर समृद्धि अभियान के क्रियान्वयन में उमरिया, सिंगरौली, शहडोल और खंडवा जिले अग्रणी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चेक डैम, स्टाप डैम और बोरी बंधान जैसी जल संरचनाओं के निर्माण के लिये अप्रैल और मई माह महत्वपूर्ण है। जिला कलेक्टर प्राथमिकता पर इन कार्यों को पूर्ण करायें। मुख्यमंत्री ने मनरेगा में मजदूरी में विलंब के लिये दोषियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इंदौर, डिंडौरी, बालाघाट, मुरैना और सीहोर को बेहतर कार्य प्रदर्शन के लिये बधाई दी गई। मुख्यमंत्री ने टीकमगढ़, सीधी, विदिशा, अनूपपुर और गुना में मजदूरी भुगतान में हुये विलंब पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ग्राम सड़क योजना में विलंबित कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये दतिया, भिंड और नरसिंहपुर में हुये विलंब की जांच करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी सड़क निर्माण के कार्य में विलंब को गंभीरता से लें। मुख्यमंत्री ने विकास गतिविधियों में आजीविकामूलक कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुये कहा कि रोज़गार उपलब्ध कराने वाले कार्यों को प्रोत्साहन दिया जाये। उन्होंने कहा कि खेती को लाभ का धंधा बनाने और किसान की आय दोगुनी करने के लिये कृषि का विविधीकरण आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी कृषि के विविधीकरण और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने बैक टू बेसिक्स की अवधारणा और जीरो बजट की खेती तथा मिलट मिशन में मोटे अनाज की खेती को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताई।

# जलवायु परिवर्तन से लंबा सता सकती है एलर्जी

एलर्जी एक ऐसी तकलीफ है, जिससे मनुष्यों की एक बड़ी आबादी प्रभावित होती है। इससे बचने के उपाय भी एलर्जी विशेषज्ञ लोगों को बताते हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों से जलवायु परिवर्तन के कारण एलर्जी लंबे समय तक लोगों को सता रही है। अक्सर देखा जाता है कि सामान्य दिनों की तुलना में विभिन्न खास मौसमों में ही लोगों को एलर्जी की समस्याएं होती हैं। मगर अब शोधकर्ताओं को एक नये अध्ययन में पता चला है कि जलवायु परिवर्तन के कारण एलर्जी का मौसम अधिक लंबा हो सकता है। मिशिगन विश्वविद्यालय के नेतृत्व में नये शोध के अनुसार, मानव निर्मित जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते तापमान के परिणामस्वरूप एलर्जी के मौसम लंबे और अधिक तीव्र होने की संभावना है। शोधकर्ताओं ने पाया कि 1995 से 2014 की समयावधि की तुलना में इस शताब्दी के अंत तक बसंत ऋतु में पराग कणों का उत्सर्जन 40 दिन पहले हो सकता है, इससे एलर्जी पीड़ितों को पराग कणों के कारण होने वाली तकलीफ 19 दिन और झेलनी पड़ सकती है। इसके अलावा तापमान और कार्बन डाई ऑक्साइड का स्तर बढ़ने से पराग कणों के उत्सर्जन की मात्रा भी हर साल 200 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। अनुसंधान सहायक यिंगक्सियाओ झांग ने कहा कि पराग से प्रेरित श्वसन एलर्जी जलवायु परिवर्तन के साथ खराब हो रही है, उन्होंने कहा कि हमारे निष्कर्ष पराग और संबंधित स्वास्थ्य प्रभावों पर जलवायु परिवर्तन के परिणाम में आगे की जांच के लिये एक प्रारंभिक बिन्दु हो सकते हैं। शोधकर्ताओं ने एक मॉडल विकसित किया, जो सबसे आम पराग कणों में से 15 की जांच करता है। अमेरिका के अस्थमा और एलर्जी फाउंडेशन के अनुसार अमेरिका में 30 फीसदी वयस्क और 40 फीसदी बच्चे एलर्जी से पीड़ित हैं। पराग पैदा करने वाली घास, खरपतवार, जलवायु परिवर्तन से प्रभावित होती है। बढ़े हुये तापमान के कारण वे अपने वास्तविक समय से पहले सक्रिय हो जाते हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि एलर्जी से शरीर में हल्की जलन होती है। साथ ही आंखों में पानी आना, छींकना, शरीर पर चकत्ते पड़ना भी इसके लक्षण हैं। इसके अलावा सांस लेने में कठिनाई भी हो सकती है।

**- देवेश तिवारी**

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

**विश्व हीमोफीलिया दिवस** | **17 अप्रैल**

# खून का बहना बंद न होना ही है हीमोफीलिया

अगर हमें गिरने से या किसी अन्य वजह से कोई चोट लग जाती है या कट लग जाता है, तो थोड़ी देर खून बहने के बाद बंद हो जाता है, लेकिन कई लोग ऐसे हैं, जिनके साथ ऐसा नहीं होता है। उनके शरीर के अंग से खून बहना बंद नहीं होता है। ऐसे लोग हीमोफीलिया से ग्रसित होते हैं। इस बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए प्रतिवर्ष विश्व हीमोफीलिया दिवस मनाया जाता है। वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ हीमोफीलिया द्वारा 17 अप्रैल, 1989 को इस दिवस को वर्ल्ड फेडरेशन हीमोफीलिया (WFH) के संस्थापक फ्रैंक श्नाबेल (Frank Schnabel's) के जन्मदिन के सम्मान में मनाने के लिए चुना गया था। इसे अमीरों की बीमारी के रूप में भी जाना जाता है

हीमोफीलिया का सही समय पर इलाज न हो पाने के कारण लगभग 75 फीसदी मरीजों की मौत करीब 30 साल से कम उम्र में ही हो जाती है। इस बीमारी को दूर करने के लिए लोगों में जागरूकता लाना जरूरी है। इस बीमारी को अमीरों की बीमारी इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसका पहला मामला 1853 में क्वीन विक्टोरिया की 8वी संतान प्रिंस लियोपोल्ड का आया था। यूरोप के राज परिवारों से जुड़े कई लोग इस बीमारी के शिकार हो चुके हैं। एस्पिरिन के साथ इलाज किया जाता था जिससे खून पतला हो जाता था और सिचुएशन और बिगड़ जाती थी। फिलाडेल्फिया के डॉ. जॉन कॉनराड ओटो ने 'ब्लीडर्स' नाम के लोगों का अध्ययन करना शुरू किया और कहा कि यह एक वंशानुगत बीमारी है।

### बीमारी बनी फ्रैंक श्नाबेल की प्रेरणा

कहते हैं कि जब आप स्वयं या आपके अपने किसी तकलीफ से गुजरते हैं, तब आप उसे बेहतर ढंग से समझते हैं। ऐसा ही कुछ वर्ल्ड हीमोफीलिया फेडरेशन (WFH) के संस्थापक फ्रैंक श्नाबेल (Frank Schnabel's) के साथ हुआ। कनाडा के मशहूर बिजनेसमैन फ्रैंक श्नाबेल गंभीर रूप से हीमोफीलिया से पीड़ित थे। उन्होंने 1963 में वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ हीमोफोलिया की स्थापना की। इस संस्था को बनाने का उद्देश्य दुनिया भर के लाखों हीमोफीलिया के मरीजों को उचित इलाज और अन्य लोगों की तरह बेहतर जिंदगी उपलब्ध कराना था। अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त राज्य अमेरिका समेत 12 देश स्थापना से साथ थे। संस्था के कार्य और महत्व को देखते हुए वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ हीमोफीलिया से वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन जुड़ गया। वर्तमान में इस संगठन से पूरी दुनिया में 147 देश जुड़ चुके हैं।

### इस वर्ष की थीम Access For All - Partnership. Policy. Progress.

विश्व हीमोफीलिया दिवस प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष हीमोफीलिया दिवस की थीम Access For All - - Partnership. Policy. Progress. है। अर्थात् हीमोफीलिया के हर मरीज को सही उपचार उपलब्ध हो, सभी के लिए जीवन सहज हो इसके लिए हर देश में प्रशासन ऐसी नीतियां बनाएं, पार्टनरशिप करें और इस दिशा में बेहतर काम से आगे बढ़ें। सोशल मीडिया के माध्यम से भी हीमोफीलिया के प्रति लोगों में जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा लोगों को इससे संबंधित जानकारी और कहानियां साझा करने के लिए वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ हीमोफीलिया प्रेरित कर रहा है।

### किन लोगों को होती है यह बीमारी

यह बीमारी अधिकतर आनुवंशिक कारणों से होती है अर्थात् माता-पिता में से किसी को ये बीमारी होने पर बच्चे को भी हो सकती है। ऐसा कम ही होता है कि किसी और कारण से बीमारी हो। हीमोफीलिया दो तरह का होता है। हीमोफीलिया 'ए' में फैक्टर 8 की कमी होती और हीमोफीलिया 'बी' में फैक्टर 9 की कमी होती है। दोनों ही खून में थक्का बनाने के लिए जरूरी हैं। ये एक दुर्लभ बीमारी है। हीमोफीलया 'ए' 10 हज़ार में से किसी एक मरीज को होती है और हीमोफीलिया 'बी' 40 हजार में से किसी एक में होती है। यह एक गंभीर विकार है और इसे लेकर जागरूकता का अभाव लोगों में है। इसमें रक्त का ठीक से थक्का नहीं बना पाता। नतीजतन, व्यक्ति आसानी से पीड़ित होता है और चोट लगने पर लंबे समय तक खून बहता रहता है। ऐसा रक्तस्राव को रोकने के लिए आवश्यक क्लॉटिंग फैक्टर्स नामक एक प्रोटीन की अनुपस्थिति के कारण होता है। स्थिति की गंभीरता रक्त में मौजूद क्लॉटिंग फैक्टर्स की मात्रा पर निर्भर करती है। भारत में लगभग दो लाख ऐसे मामले होने का अनुमान है। महिलाएं हीमोफिलिया की वाहक होती हैं, उनमें हीमोफिलिया जीन युक्त असामान्य एक्स गुणसूत्र होता है। उनके दो एक्स गुणसूत्रों में से एक 'फैक्टर 8' या 'फैक्टर 9' जीन में परिवर्तन हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप 'फैक्टर 8' और 'फैक्टर 9' के स्तर में कमी हो जाती है। अधिकांश वाहक महिलाओं में हीमोफिलिया के चिन्हित खून बहने वाले लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। लेकिन 'फैक्टर 8' या 'फैक्टर 9' के स्तर में कमी की गतिविधि से पीड़ितों को सर्जरी के समय कुछ खून बहने की समस्याओं का सामना करना पड़ता है या कुछ अन्य लक्षण जैसे कि मासिक धर्म के दौरान अत्यधिक या बहुत ज्यादा खून बहना एवं शरीर पर नीले धब्बे हो सकते हैं। गर्भावस्था में भी भ्रूण की जांच के माध्यम से बीमारी का पता लगाकर उपचार किया जाता है। हीमोफीलिया तब तक जीवन को खतरे में डालने वाला विकार नहीं माना जाता, जब तक किसी महत्वपूर्ण अंग में रक्तस्राव न हो जाए। थोड़ा सा खून बहने पर जब व्यक्ति कमजोरी महसूस करने लगता है, तो इसमें ज्यादा मात्रा में खून बहने के कारण निश्चित ही कमजोरी अधिक होती है।

### कैसे पहचानें हीमोफीलिया

यह खून में मौजूद थक्कों के स्तर पर निर्भर करता है। लंबे समय तक रक्तस्राव होने अलावा भी कुछ अन्य लक्षण इस बीमारी के हैं।

- नाक से लगातार खून बहना।
- मसूड़ों से खून निकलना।
- त्वचा आसानी से छिल जाना।
- शरीर में आंतरिक रक्तस्राव के कारण जोड़ों में दर्द होना।
- कई बार हीमोफीलिया में सिर के अंदर भी रक्तस्राव होता है। इसमें बहुत तेज सिरदर्द, गर्दन में अकड़न, उल्टी आने लगती है। इसके अलावा धुंधला दिखना, बेहोशी और चेहरे पर लकवा होने जैसे लक्षण भी होते हैं। हालांकि, ऐसा बहुत कम मामलों में होता है।

### जन्म के साथ भी हो सकता है हीमोफीलिया

फैमिली फिजीशियन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेसीडेंट बताते हैं कि, यह बीमारी बच्चे के जन्म से भी हो सकती है। कई बार जन्म के बाद ही इसका पता चल जाता है। अगर हीमोफीलिया मध्यम और गंभीर स्तर का है तो बचपन में आंतरिक स्राव के चलते कुछ लक्षण सामने आने लगते हैं। लेकिन, गंभीर स्तर के हीमोफीलिया में खतरा बहुत ज्यादा होता है। कहीं जोर से झटका लगने पर भी आंतरिक रक्तस्राव शुरू हो सकता है, लेकिन, अगर बीमारी हल्के स्तर की है तो इसका आसानी से पता चल जाता है। सामान्यतः जब बच्चे के दांत निकलते हैं और खून बहना बंद नहीं होता तब इस बीमारी का पता चल पाता है। कई बार घुटने में चोट लगती है और खून अंदर ही जम जाता है जिससे घुटने में सूजन आ जाती है। पहले भले ही हीमोफीलिया का इलाज मुश्किल था, लेकिन अब घटकों की कमी होने पर इन्हें बाहर से इंजेक्शन के माध्यम से डाला जा सकता है। अगर बीमारी ज्यादा गंभीर स्थिति में नहीं है तो दवाइयों से भी इलाज हो सकता है। अगर माता या पिता को ये बीमारी तो उनसे बच्चे में आने की संभावना होती है। ऐसे में गर्भावस्था में ही इसकी जांच कर ली जाती है। वहीं, भाई-बहन में से किसी एक को है, लेकिन दूसरे में उस समय इसके लक्षण नहीं हैं तो आगे चलकर भी ये बीमारी होने की आशंका बनी रहती है।

### रक्त आपूर्ति और उपचार की व्यवस्था

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण (नेशनल एड्स कंट्रोल प्रोग्राम) के तहत राष्ट्रीय रक्त आधान काउंसिल (नेशनल ब्लड ट्रांसम्यूजन) के अनुसार सभी राज्य/संघ शासित प्रदेशों के थैलेसीमिया एवं सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित सभी रोगियों के लिए दिशा-निर्देश है तथा हीमोफीलिया से पीड़ितों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के माध्यम से आनुवांशिक विकारों से पीड़ित बच्चों का शीघ्र पता लगाने और उनको उपचार प्रदान करने का कार्य करता है।

### ये सावधानियां बरतने की आवश्यकता है

- पर्याप्त शारीरिक गतिविधि करते रहें। इससे शरीर के वजन को संतुलित रखने और मांसपेशियों और हड्डियों को मजबूत करने में मदद मिलती है। हालांकि, ऐसी किसी भी शारीरिक गतिविधि से बचें, जो चोट और परिणामी रक्तस्राव का कारण बन सकती है।
- खून को पतला करने वाली दवाओं को लेने से बचिए।
- अपने दांतों और मसूड़ों की अच्छी तरह से सफाई करें। अपने दंत चिकित्सक से सलाह लें कि मसूड़ों से खून बहने को कैसे रोका जाए।
- रक्त संक्रमण के लिए नियमित रूप से परीक्षण करें और हेपेटाइटिस ए और बी के टीकाकरण के बारे में अपने डॉक्टर की सलाह लेना चाहिए।

**सर्जना चतुर्वेदी**

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड उज्जैन

यंत्रमहल मार्ग गउघाट उज्जैन, Ph. : 0734-2551567, Mb. : 9424877892
Email : exeujjain@gmail.com

क्र. 1740/लेखा/का.यं./2022-23 उज्जैन, दिनांक : .....

### निविदा सूचना क्र. 02/2022-23, दिनांक 06.04.2022

जल जीवन मिशन के अंतर्गत उज्जैन जिले के विकासखण्ड उज्जैन के विभिन्न ग्रामों की रेट्रोफिटिंग एवं नवीन नलजल योजनाओं में शत् प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन किये जाने के कार्य की निम्नानुसार ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| स. क्र. | सिस्टम क्रमांक | ग्राम का नाम | अनु. लागत (रु. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2022_PHED_195533_1 | लिम्बापिपलिया, टंकारियापंथ, जलालखेड़ी, टकवासा, आकासोदा | 3,57,47,907/- | 3,57,479/- | 15000/- |
| | | योग | 3,57,47,907/- | 3,57,479/- | 15000/- |

निविदा के अन्य विवरण की विस्तृत जानकारी **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 20.04.2022 सायं 17:30 बजे तक** निर्धारित है।

कार्यपालन यंत्री
जी-11368/46895/2022 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)

## कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406

**निविदा सूचना क्रमांक-892/2021-22/प्रमुख अभियंता/ई-टेण्डरिंग/** **भोपाल, दिनांक : 06.04.2022**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 05.05.2022 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2022_WRD_195355 | **टर्न की पद्धति पर** : लोकपाल सागर तालाब की किलकिला फीडर नहर का नवीनीकरण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | पन्ना | 514.77 |

जी-11419/46897/2022 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

## कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
## भोपाल मंडल भोपाल, पुराना सचिवालय, भोपाल

दूरभाष : 0755-2738774, E-mail : scresbhopal@mp.gov.in

### निविदा विज्ञप्ति क्र. : 01/2022-23

क्रमांक : 610 दिनांक : 07.04.2022

मंडल अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेवसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ग्रायांसे संभागीय कार्यालय | सिस्टम टेंडर नम्बर | आमंत्रण का क्रम | कार्य का प्रकार | निर्माण कार्यों की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सीहोर | 2022_RES_194338_1 | द्वितीय | साइंटिफिक वेयरहाउस 2000 मीट्रिक टन निर्माण कार्य ग्राम निपानिया कला विकासखंड सीहोर | 55.72 |
| 2. | सीहोर | 2022_RES_194339_1 | द्वितीय | साइंटिफिक वेयरहाउस 5000 मीट्रिक टन निर्माण कार्य ग्राम वमूलिया विकासखंड सीहोर | 130.06 |
| 3. | सीहोर | 2022_RES_194340_1 | द्वितीय | प्याज स्टोरेज वेयरहाउस निर्माण कार्य ग्राम खण्डवा विकासखंड सीहोर | 70.24 |
| 4. | सीहोर | 2022_RES_194341_1 | द्वितीय | एग्रो सर्विस सेन्टर ग्रामीण हाट एवं वेयरहाउस 2000 मीट्रिक टन निर्माण कार्य ग्राम सेवदा विकासखंड आष्टा | 59.63 |
| 5. | सीहोर | 2022_RES_194343_1 | द्वितीय | ग्रामीण हाट एवं वेयरहाउस 2000 मीट्रिक टन निर्माण कार्य ग्राम चकल्दी विकासखंड नसरुल्लागंज | 57.48 |
| 6. | सीहोर | 2022_RES_194345_1 | द्वितीय | आंगनवाड़ी भवन निर्माण ग्राम सेमलीबारी जिला सीहोर | 23.52 |
| 7. | सीहोर | 2022_RES_194346_1 | द्वितीय | आंगनवाड़ी भवन निर्माण ग्राम गौंडपुरा धरमपुरी जिला सीहोर | 23.52 |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेवसाइट **https://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय प्रारंभ करने की तिथि **19.04.2022 समय 18.00 बजे** है। निविदा (बिड) प्रपत्र प्रस्तुत करने की **अंतिम दिनांक 06.05.2022 समय 17.00 बजे तक** है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनायें केवल वेबसाइट पर दी जावेंगी। पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण यंत्री
जी-11518/आर-46898/2022 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भोपाल मंडल, भोपाल

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक-1, बालाघाट (म.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक 01/व.ले.लि./2022-23** **बालाघाट, दिनांक : 08.04.2022**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेंडर क्र. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2022_PWDRB_196411_1 | बालाघाट | बायपास हट्टा मार्ग 4.095 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 27961586/- | 279616/- | 15000/- | 12 माह वर्षा-ऋतु सहित |
| | | | कुल योग | | 27961586/- | | | |

उपरोक्त वेवसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 25.04.2022 (17:30) बजे** निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन ही जमा किये जायेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
जी-11519/आर-46900/2022 लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक-1, बालाघाट

## कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग

जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल
ई-मेल : mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन : 0755-2553402, फैक्स : 0755-2552406
क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1328

### निविदा आमंत्रण सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक-497/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग** **भोपाल, दिनांक : 06.04.2022**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 26.04.2022 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रु. (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2022_WRD_182203 | आपचद मध्यम सिंचाई परियोजना पर्यावरणीय आकलन कार्य। | सागर | 8.93 |
| 2. | 2022_WRD_191406 | लाइट मशीनरी एवं वि./यां., उपसंभाग क्र. 01, भोपाल हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 3.53 |
| 3. | 2022_WRD_191655 | वारना कॉलोनी रोड का मरम्मत एवं रख-रखव कार्य। | रायसेन | 19.90 |
| 4. | 2022_WRD_192106 | जल संसाधन सर्वे एवं अनुसांधन उपसंभाग राजगढ़ के बैराज/स्टॉप डेमों के गेट निकालने, लगाने एवं रख-रखाव का कार्य। | राजगढ़ | 14.48 |
| 5. | 2022_WRD_192111 | उपसंभाग, ब्यावरा के बैराज/स्टॉप डेमों के गेट निकालने, लगाने एवं रख-रखाव का कार्य। | राजगढ़ | 7.62 |
| 6. | 2022_WRD_192944 | मंत्रालय, मुख्य अभियंता (बोधी), भोपाल एवं अधीनस्थ विभिन्न कार्यालयों हेतु फोटोकॉपी मशीन किराये पर लेना। | भोपाल | 1.52 |
| 7. | 2022_WRD_193342 | के-300 क्रमांक 2 एवं डी-50 ए-15 क्रमांक 34 के सुधार कार्य हेतु कलपुर्जों का प्रदाय। | भोपाल | 1.21 |
| 8. | 2022_WRD_193772 | गांधी सागर बांध के बकेट टो की डीवाटरिंग, मरम्मत एवं निरीक्षण का कार्य। | मंदसौर | 19.30 |
| 9. | 2022_WRD_193773 | इन्द्रगढ टैंक की वेस्ट वियर के स्पील चैनल का मरम्मत कार्य। | मंदसौर | 6.09 |
| 10. | 2022_WRD_195004 | वर्षा पूर्व ढुकवा बांध के एच.आर. गेट, स्टॉप, लॉग गेट, दो-अब नहर के आर.बी.सी. फीडर केनाल, सीआर, एन.आर., लालपुर एवं बरऊ पिकअप वियर के वर्टीकल गेट का मरम्मत एवं रखरखाव। | दतिया | 2.90 |
| 11. | 2022_WRD_195005 | गोपाल, कासना नाला, हथलई, जिगना, रामसागर, बडौनी, सोमला, हसापुर, बडेरा सौपान, अगोरा टैंक एवं हरसी हाई लेवल के सर्विस एवं आपातकालीन जलद्वारों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | दतिया | 3.10 |
| 12. | 2022_WRD_195006 | भूटान एवं अगूरी बैराज की गेन्ट्री क्रेन, स्पिलवे गेट एवं एच.आर. गेट एवं पहुज बैराज की स्लाइडिंग गेट का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | दतिया | 2.50 |
| 13. | 2022_WRD_195008 | वर्षा पूर्व मड़ीखेड़ा बांध के 10 नग रेडियल गेट एवं उकायला सैडल बांध के 2 नग स्लूस गेट एवं 2 नग आपातकालीन जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | दतिया | 3.22 |
| 14. | 2022_WRD_195009 | वर्षा पूर्व समोहा पिकअप वियर बांध के वर्टीकल गेट एवं एच.आर. गेट का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | दतिया | 3.15 |
| 15. | 2022_WRD_195010 | वर्षा पूर्व मोहिनी पिकअप वियर बांध के रेडियल गेटों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | दतिया | 3.79 |
| 16. | 2022_WRD_195011 | मड़ीखेड़ा बांध पर कॉलोनी का जल प्रदाय कार्य। | दतिया | 2.44 |
| 17. | 2022_WRD_195012 | मड़ीखेडा बांध पर जनरेटर रूम का विद्युतीकरण कार्य। | दतिया | 2.44 |
| 18. | 2022_WRD_195017 | घुघरी जलाशय बांध एवं स्पिल का विशेष मरम्मत कार्य। | मंडला | 4.49 |
| 19. | 2022_WRD_195045 | माँ रतनगढ़ बहुउद्देशीय परियोजना के परियोजना प्रशासक कार्यालय में साफ-सफाई एवं चौकीदारी हेतु लेवर का प्रदाय (द्वितीय आमंत्रण) | भिंड | 4.56 |
| | | कुल योग 115.17 | | |

जी-11420/46896/2022 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड, सीहोर (म.प्र.)

New Bus Stand Sehore - 466001 (M.P.)
Mail ID : eephseh@nic.in, Fax No. : 07562-224092, Telephone No. : 07562-224092

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02/नि.प्र./खंड सीहोर/लोस्वायांवि/2022-23** **सीहोर, दिनांक : 08.04.2022**

### चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेंडरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

| निविदा क्रमांक | कार्य | अनुमानित लागत (रु. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
मुख्यमंत्री ने कहा कि समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने ग्वालियर के एक प्रकरण में फर्जी कॉलेजों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्वालियर के एक अन्य प्रकरण तथा मुरैना के आवेदक श्री मनीष धाकड़ के प्रकरण में शिकायत को फोर्स क्लोज करने पर संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की और कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राजगढ़ के श्री गफ्फार खान के प्रकरण में उनका रुका हुआ भुगतान कराने के निर्देश दिए।

श्री चौहान ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में विभागों, जिलों एवं अधिकारियों को अच्छा प्रदर्शन करने पर बधाई दी और निम्न प्रदर्शन करने वालों को सुधार कर बेहतर प्रदर्शन करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने फसल बीमा की लंबित शिकायतों का निराकरण शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने भी शिकायतों का निराकरण किया।

# आयुष चिकित्सक भी करवा सकेंगे आयुष्मान भारत में अपना रजिस्ट्रेशन

**भोपाल,** मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटाइजेशन को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है। इस सुविधा से मध्यप्रदेश के निजी और सरकारी आयुष चिकित्सकों को आयुष्मान भारत में अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। नेशनल प्लेटफार्म में रजिस्टर्ड होने के बाद चिकित्सक टेलीमेडिसिन एवं ऑनलाइन चिकित्सा परामर्श के लिए देश के मरीजों से सीधे संपर्क में रहेंगे। केंद्रीय आयुष मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग ने सभी सरकारी और निजी क्षेत्र में सेवारत शिक्षकों और चिकित्सकों को इस मिशन में रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए परिपत्र जारी किया है। हेल्थ केयर प्रोफेशनली रजिस्ट्री (एचपीआर) में केंद्रीय पोर्टल hpr.abdm.gov.in पर रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है।

मध्यप्रदेश आयुर्वेद, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड के रजिस्ट्रार डॉ. पंकज गुप्ता ने बताया कि उक्त निर्देशों में मध्यप्रदेश में पंजीकृत आयुर्वेद, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सकों का पंजीयन हेल्थकेयर प्रोफेशनली रजिस्ट्री के प्लेटफार्म पर किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में लगभग 18 हजार 200 चिकित्सक रजिस्टर्ड हैं, इनमें 16 हजार आयुर्वेद, 2 हजार यूनानी और नैचुरोपैथी के 200 चिकित्सक शामिल हैं।

**निःशुल्क है रजिस्ट्रेशन**

रजिस्ट्रेशन निःशुल्क है और रजिस्ट्रेशन की जानकारी केंद्र सरकार के आयुष भारत डिजिटल मिशन के पोर्टल mdhm.gov.in के साथ मध्यप्रदेश आयुर्वेद, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड की वेबसाइट ayurved.mponline.gov.in पर भी उपलब्ध है।

जल अभिषेक अभियान

# जल संरक्षण के लिये छोटी-छोटी जल संरचनाओं को सहेजा जायेगा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रायसेन जिले में आयोजित जल संसद में जल अभिषेक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

**रायसेन,** हमारी संस्कृति, जल संस्कृति है और तालाब हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। हजारों सालों से भारतीय संस्कृति में जल का विशेष महत्व रहा है। हमारे महान शासकों ने अपने राज्यों में तालाब, कुआं, बावड़ी बनवाए। हमारा दायित्व है कि हम न केवल उनका संरक्षण करें अपितु उस परंपरा को और आगे बढ़ाएं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन जिले के गैरतगंज तहसील के कहुला ग्राम में आयोजित जल संसद में जल अभिषेक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प अनुसार इस वर्ष प्रदेश में 5000 से अधिक अमृत सरोवर बनाए जाएंगे। इनका कार्य इस जून माह तक अथवा अगले वर्ष मार्च माह तक पूरा हो जाएगा। प्रदेश में 10 हजार पुराने तालाबों को बचाने के लिए 350 करोड़ रुपये की योजना बनाई गई है। जल-संरक्षण के लिए बड़ी संख्या में छोटी-छोटी जल-संरचनाओं के संरक्षण का कार्य भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती को बचाने के लिए पानी को बचाना आवश्यक है। भूमिजल का अत्यधिक दोहन होने पर प्राकृतिक असंतुलन हो रहा है। पानी है तो हम हैं, पानी नहीं रहेगा तो कोई नहीं रहेगा। हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य है कि वर्षा जल को रोके और अधिकाधिक पौध-रोपण कर धरती के जल-स्तर को बढ़ाएं। जन-जन को जल-संरक्षण एवं जल-संवर्धन के विषय में जागरूक करें। इस कार्य में सभी का सहयोग प्राप्त करने के लिए प्रदेश में व्यापक तौर पर जल अभिषेक अभियान शुरू हो गया है।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में नल के माध्यम से घर-घर जल देने के लिए पाइप लाइन बिछाई जा रही है। आने वाले दो-तीन वर्षों में हर घर तक नल से पानी पहुंच जाएगा। प्रदेश में अब तक 48 लाख घरों में नल से जल पहुंच चुका है। आने वाले समय में एक करोड़ से अधिक घरों में नल के माध्यम से जल पहुंचाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रदेश की हर पंचायत जुड़ी है। मैं सभी से हाथ जोड़कर प्रार्थना करता हूं कि अपने गांव में पानी बचाने के लिए जलाभिषेक अभियान से जुड़ें। इस कार्य में जनअभियान परिषद, समाजसेवी संगठन, सभी पंचायतें, स्व-सहायता समूह और अन्य सभी वर्ग अपना पूरा-पूरा योगदान दें। आने वाले 2 माह इस दिशा में कार्य करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश के पानी को बचाने के लिए पेड़ लगाए जाना भी बहुत आवश्यक हैं। मैं रोज एक पेड़ लगाता हूं, आप लोग भी कम से कम साल में एक पेड़ जरूर लगाएं। पेड़ों से अच्छी बारिश होती है और वे भू-जल स्तर भी बढ़ाते हैं। श्री चौहान ने कहा कि हर ग्राम और हर शहर का गौरव दिवस मनाया जाए। इस दिन सभी पानी बचाने, पेड़ लगाने एवं स्वच्छता का संकल्प लें।

# मध्यप्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में बनेंगे री-क्रिएशन सेंटर

**भोपाल,** चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने गांधी मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम से मेडिकल नॉलेज एक्सचेंज प्रोग्राम की शुरुआत की। श्री सारंग ने घोषणा की कि जीएमसी का ऑडिटोरियम वातानुकूल बनेगा। सभी मेडिकल कॉलेजों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिये री-क्रिएशन सेंटर स्थापित किये जायेंगे। श्री सारंग ने कहा कि हमीदिया के इमरजेंसी विभाग को नम्बर-वन बनाया जायेगा। श्री सारंग सभी शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालयों के चिकित्सकों एवं छात्रों को कार्यक्रम के जरिए ऑनलाइन संबोधित किया।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग भोपाल स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज में मेडिकल नॉलेज एक्सचेंज प्रोग्राम की शुरुआत करते हुये।

श्री सारंग ने कहा कि नॉलेज एक्सचेंज प्रोग्राम के जरिये एक-दूसरे की बौद्धिक क्षमता का आदान-प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार धन को इकट्ठा करने से बढ़ता है, उसी प्रकार ज्ञान बाँटने से बढ़ता है। चिकित्सा शिक्षा एक महत्वपूर्ण विभाग है। डॉक्टर जीता-जागता भगवान है, उसे पीड़ित मानवता की सेवा करने के लिये नियत किया गया है।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने कहा कि हर डॉक्टर को समाज-सेवा करने का संकल्प लेना होगा। अपने लिये नहीं, परिवार के लिये नहीं, समाज निर्माण के लिये कार्य करें। उन्होंने कहा कि मूल्य आधारित शिक्षा जरूरी है। देश का युवा स्वामी विवेकानंद बनने को तैयार है, लेकिन उसे रामकृष्ण परमहंस जैसे गुरू की आवश्यकता है।

**स्टूडेंट वेलफेयर**

श्री सारंग ने कहा कि मेडिकल एजुकेशन को सुदृढ़ बनाने के लिये राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। नित नये नवाचार कर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्टूडेंट वेलफेयर की दिशा में काम हो रहा है। छात्र बीमा योजना इसका उदाहरण है। मेडिकल क्षेत्र में लगातार सीट्स वृद्धि की जा रही है। नये कोर्सेस लाये जा रहे हैं। हिन्दी में एमबीबीएस की पढ़ाई की शुरुआत की गई है। अप्रैल माह में 3 विषयों की हिन्दी पुस्तक आ जायेंगी। यह एक समानांतर व्यवस्था रहेगी।

**रिसर्च एवं डेवलपमेंट होना आज की आवश्यकता**

श्री सारंग ने कहा कि रिसर्च एवं डेवलपमेंट होना आज की आवश्यकता है। इसके लिये नॉलेज शेयरिंग की शुरुआत की जा रही है। इसके जरिये इंस्टीट्यूट सहित विशेषज्ञ डॉक्टर्स से भी एमओयू किया जा रहा है, जो अपनी विधाओं के जरिये ज्ञान को साझा करेंगे। उन्होंने युवा डॉक्टर्स से एमपी गव और नॉलेज शेयरिंग पोर्टल के जरिये ज्यादा से ज्यादा जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि डिजिटल टेक्नोलॉजी आज के समय की आवश्यकता है।

**डेटा एनालिसिस से नये-नये शोध**

चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने कहा कि मशीन लर्निंग बहुत बड़ा विज्ञान है। इसमें डेटा एनालिसिस से नये-नये शोध कर सकते हैं। उन्होंने थ्री-डी प्रिंटिंग के बारे में बताया कि जो सपना हम देखते हैं, उसे मशीन बना देती है। उन्होंने कहा कि मेडिकल इन्क्यूबेशन सेंटर शुरू करने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य होगा। आईआईटी इंदौर के साथ इस सेंटर की शुरुआत की जायेगी। हम मेडिकल रोबोटिक्स की दिशा में भी प्रयासरत हैं।

आयुक्त चिकित्सा शिक्षा श्री निशांत वरवड़े ने कहा कि नॉलेज रिसर्च नवाचार से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का प्रयास किया जा रहा है। श्री सारंग के मार्गदर्शन में 13 बिन्दुओं पर आधारित नॉलेज शेयरिंग मिशन सेल की स्थापना की गई है।

*(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)*

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खंडवा, धार, खरगौन,
बुरहानपुर, झाबुआ, बड़वानी
तथा अलीराजपुर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

संपर्क करें
9425625746, 9424442725

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की खबरें
- सम-सामायिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

विनय मोहन क्वात्रा

## नये विदेश सचिव होंगे

विनय मोहन क्वात्रा देश के नये विदेश सचिव होंगे। वह



अभी नेपाल में भारतीय राजदूत हैं। देश के वर्तमान विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला हैं जो इस माह सेवानिवृत्त हो रहे हैं। विनय मोहन ऐसे समय विदेश सचिव की अहम जिम्मेदारी संभालेंगे, जब यूक्रेन युद्ध को लेकर वैश्विक स्तर पर चुनौतियां बनी हुई हैं। वह विदेश सेवा में 32 साल से हैं।

फाल्गुनी शाह

## ग्रैमी अवॉर्ड से सम्मानित हुई

न्यूयॉर्क निवासी भारतीय-अमेरिकी गायिका फाल्गुनी

शाह को 'ए कलरफुल वर्ल्ड' के लिए सर्वश्रेष्ठ बाल एलबम श्रेणी में ग्रैमी पुरस्कार से नवाजा गया है। लॉस वेगास में हुए ग्रैमी पुरस्कार समारोह में जब मुंबई में जन्मीं फाल्गुनी के नाम की घोषणा हुई तो वह खुशी से उछल पड़ीं। उन्होंने समारोह की तस्वीरें साझा करते हुये इंस्टाग्राम पर लिखा कि आज का दिन जादू भरा है।

मेघालय

## लिविंग ब्रिज यूनेस्को की संभावित सूची में शामिल

मेघालय में प्रकृति से संबंधों के प्रतीक लिविंग रूट ब्रिज

को यूनेस्को विश्व धरोहर की संभावित सूची में शामिल किया गया है। यह ब्रिज जलाशयों के दोनों किनारों पर फिक्स इलास्टिक की जड़ों से बने हैं। राज्य के 70 से ज्यादा गांवों में ऐसे लगभग 100 ब्रिज हैं।

व्हाट्स-एप

## मैसेज रिकॉर्डिंग हो सकेगी पॉज

व्हाट्स-एप अपने यूजर्स के चैटिंग एक्सपीरियंस को

लगातार बेहतर बनाने की कोशिश में लगा है। इसी कड़ी में अब कंपनी ने वाइस मैसेजिंग के लिए नये फीचर्स रोल आउट किये हैं। वाइस मैसेज के लिये कंपनी नये फीचर्स लायी है। इनमें आउट ऑफ चैट प्लेबैक रिज्यूम रिकॉर्डिंग और पॉज, वेवफॉर्म विजुअलाइजेशन, ड्राफ्ट प्रिव्यू, रिमेंबर प्लेबैक और फास्ट प्लेबैक ऑन फॉरवर्डेड मैसेज शामिल हैं। इस नये फीचर्स से यूजर्स के वॉइस नोट्स भेजने और रिसीव करने का एक्सपीरियंस बेहतर होगा।

हबल स्पेस टेलीस्कोप ने

## सबसे दूर स्थित तारे को खोजा

हबल स्पेस टेलीस्कोप ने अब तक का सबसे दूर का



व्यक्तिगत तारा खोजा है। जिसके प्रकाश को पृथ्वी तक पहुंचने के लिये 12.9 अरब वर्ष का समय लगेगा। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने यह जानकारी दी है। ईएसए ने बताया कि हबल स्पेस टेलीस्कोप ने एक असाधारण बेंचमार्क स्थापित किया है। बिग बैंग में ब्रह्मांड के जन्म के बाद अरब वर्षों से मौजूद एक तारे के प्रकाश का पता लगाया, जो अब तक सबसे दूर का व्यक्तिगत तारा है। इसका नाम एरेन्डेल रखा गया है, जिसका मतलब है 'सुबह का तारा'।

ब्लू ओरिजन

## 2022 का पहला स्पेस टूरिज्म मिशन लॉन्च किया

ब्लू ओरिजन ने 2022 में अपने पहले अंतरिक्ष मिशन

को लॉन्च करते हुये 6 पर्यटकों को स्पेस भेजा है। अंतरिक्ष यान उन्हें अंतरिक्ष में एक छोटी सवारी पर ले गया, जिससे उन्होंने भारहीन और शून्य गुरुत्वाकर्षण को महसूस किया। अंतरिक्ष यान पृथ्वी की सतह से 100 किलोमीटर ऊपर तक गया। न्यू शेपर्ड अंतरिक्ष यान ने वेस्ट टेक्सास में लॉन्च साइट वन से उड़ान भरी और रेगिस्तान में पैराशूट लैंडिंग करने वाले कैप्सूल के साथ सिर्फ 10 मिनट तक चला।

अंतर्राष्ट्रीय शतरंज ओलिंपियाड

## भारत को मिली आधिकारिक मेजबानी

अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने 44वें शतरंज

ओलिंपियाड की मेजबानी आधिकारिक रूप से भारत को सौंप दी है। शतरंज ओलिंपियाड 28 जुलाई से 10 अगस्त तक तमिलनाडु के चेन्नई में होगा, जिसमें लगभग 130 देशों के दो हजार से अधिक प्रतियोगी शीर्ष पुरस्कार के लिये खेलेंगे। फिडे के अध्यक्ष अकार्डी वोंकोविच ने अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष डॉक्टर संजय कपूर के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किये।

रूस ने

## दुनिया की पहली 'नेजल वैक्सीन' बनाई

कोरोना के खिलाफ रूस ने रूसी वैक्सीन स्पूतनिक का



नेजल वर्जन तैयार किया है। लंबे समय से रूस द्वारा इस नेजल वैक्सीन का ट्रायल चल रहा था। रूस अन्य देशों की तुलना में सबसे पहले नेजल वैक्सीन बनाने में सफल रहा है। इस नेजल वैक्सीन के परिणाम सफलता देने वाले हैं। इसे दुनियाभर में जल्द ही बाजारों में उतारा जायेगा।

जी.एस. लक्ष्मी

## महिला विश्व कप फाइनल में रेफरी बनीं

क्राइस्ट चर्च के हेगले ओवल मैदान पर ऑस्ट्रेलिया और



इंग्लैंड के बीच हुये 2022 महिला विश्व कप फाइनल मैच के लिये भारत की जी.एस. लक्ष्मी रेफरी बनीं। ज्ञात रहे कि जी.एस. लक्ष्मी आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी में पहली महिला सदस्य बनी थीं। लक्ष्मी ने 31 मार्च को इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के सेमीफाइनल मैच में भी रेफरी की भूमिका निभाई थी।

नासा ने

## प्लूटो की जमीन पर विशाल बर्फीले ज्वालामुखी देखे

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के वैज्ञानिकों ने पहली



बार प्लूटो की ऊबड़-खाबड़ जमीन पर विशाल बर्फीले ज्वालामुखियों को देखा है। कोलेराडो के साउथ वेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्लेनेटरी साइंटिस्ट और रिपोर्ट की लेखक केल्सी सिंगर ने बताया कि नासा के न्यूहोराइजन अंतरिक्षयान की मदद से तस्वीरें ली गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्लूटो के स्पूतनिक प्लैनिटिया के दक्षिण - पश्चिम क्षेत्र में जमीन के नीचे से इतना अधिक कीचड़ निकलता है, जिससे एक से सात किलोमीटर लंबे पहाड़ बन सकते हैं। नेचर कम्युनिकेशन जर्नल में यह रिपोर्ट प्रमुखता से प्रकाशित हुई है।

लड़ाई की पेंटिंग

## करीब छह करोड़ रुपये में नीलाम

मैसूर के शासक हैदर अली और उनके बेटे टीपू सुल्तान

की 1780 में ईस्ट इंडिया कंपनी पर हुई ऐतिहासिक विजय को दर्शाने वाली एक पेंटिंग 6,30,000 पाउंड (करीब छह करोड़ रुपये) में नीलाम हुई। दूसरे एंग्लो - मैसूर युद्ध के तौर पर 10 सितंबर 1780 को हुई पोलिलुर की लड़ाई की पेंटिंग सोदबीज नीलामी में आकर्षण का मुख्य केंद्र थी। सोदबीज के विशेषज्ञों के अनुसार यह पेंटिंग औपनिवेशिकता की हार का सबसे बड़ा जीवित नमूना है।

मंगल ग्रह पर

## ध्वनि की अलग-अलग गति मिली

नासा के वैज्ञानिकों ने कहा है कि मंगल ग्रह पर ध्वनि न



केवल पृथ्वी की तुलना में धीमी गति से चलती है, बल्कि ध्वनि की दो अलग-अलग गति का पता चला है। नासा के अनुसार पृथ्वी पर ध्वनि आमतौर पर 767 मील प्रति घंटे (343 मीटर प्रति सेकंड) की गति से चलती है, मंगल पर कम पिच वाली ध्वनियां लगभग 537 मील प्रति घंटे (240 मीटर प्रति सेकंड) की गति से चलती हैं।

कल्पना कोटागल और विनय सिंह

## बाइडेन प्रशासन में नियुक्त हुये

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतवंशी कल्पना

कोटागल को समान रोज़गार अवसर आयोग आयुक्त और विनय सिंह को आवासीय विभाग के मुख्य वित्त अधिकारी के पद पर नामित किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने दोनों भारतवंशी अधिकारियों को नियुक्त किये जाने की घोषणा भी की है। घोषणा के अनुसार नागरिक अधिकार अधिवक्ता कल्पना और प्रमाणित लोक लेखाकार विनय को बाइडेन प्रशासन में नियुक्त किया जाता है।

तायोशी शिंजो

## हवा में चलने वाली बाइक से पहुंचे बेसबॉल स्टेडियम

मेजर लीग बेसबॉल के पूर्व जापानी खिलाड़ी और

वर्तमान में होकिआदो निपोन हेम फाइटर्स टीम के मैनेजर तायोशी शिंजो ने पांच करोड़ की होवर हाइक बाइक पर सवार हो कर स्टेडियम में जब प्रवेश किया तो वहां मौजूद दर्शकों की आंखें खुली की खुली रह गईं। ज्ञात रहे कि होवर हवा में चलने वाली बाइक है, जिसकी रफ्तार 320 किलोमीटर प्रति घंटा है। यह बाइक 2017 में जापान में बनी है।

प्रोफेसर रामदरश मिश्र

## 31वें सरस्वती सम्मान के लिए चुने गए

प्रोफेसर रामदरश मिश्र के हिन्दी कविता संग्रह 'मैं तो

यहां हूं' को वर्ष 2021 के 31वें सरस्वती सम्मान के लिये चुना गया है। हिन्दी भाषा की यह कृति वर्ष 2015 में प्रकाशित हुई है। के.के. बिरला फाउंडेशन की ओर से यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया जाता है। हिन्दी रचनाकार प्रोफेसर रामदरश दिल्ली विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग से प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त हुये हैं। उन्होंने 1940 के आप-पास से काव्य यात्रा आरंभ की है और अब तक उनके 32 काव्य संग्रह, 15 उपन्यास, 30 कहानी संग्रह, 15 समीक्षात्मक कृति सहित कई रचनाएं हैं, उनका रचनात्मक लेखन अभी भी जारी है।

पीटर रैबिट

## कार्टून कैरेक्टर अब सोने के सिक्के पर

ब्रिटिश लेखक बीट्रिक्स पॉटर का फेमस कैरेक्टर पीटर

रैबिट अब 120 साल का हो गया है। 1902 में पॉटर ने ये कैरेक्टर रचा था। पीटर रैबिट की 120वीं सालगिरह पर ब्रिटेन की रॉयल मिंट ने एक विशेष 5 पाउंड का सिक्का जारी किया है। ये कॉइन गोल्ड और सिल्वर में भी उपलब्ध है, लेकिन ये सर्कुलेशन में उपलब्ध नहीं होंगे। इन्हें रॉयल मिंट की वेबसाइट से खरीदा जा सकता है। लिमिटेड एडिशन वाले गोल्ड कॉइन की कीमत लगभग 2,48,000 रुपये है।

यूक्रेन-रूस संघर्ष

## यूक्रेन ने 10 अरब डॉलर खर्च किये

यूक्रेन ने रूस के साथ संघर्ष में एक महीने में करीब 10

अरब डॉलर खर्च किया है। यह जानकारी राष्ट्रपति प्रेस सेवा ने दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति की वेबसाइट पर दिये गये वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार यूक्रेन प्रति माह लड़ाई पर लगभग 10 अरब डॉलर खर्च कर रहा है। यूक्रेन के व्यय वित्त पोषण के स्रोतों के बयान में देश के अपने कर राजस्व और यूक्रेन के अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों से सहायता का नाम दिया गया है। यूक्रेन और रूस के बीच सैन्य संघर्ष 24 फरवरी से शुरू हुआ था।

दोहा

## कतर की राजधानी में बाजों का अस्पताल

कतर की राजधानी दोहा में बाजों का अस्पताल मौजूद है

जो कि दुनिया में इस तरह का अकेला अस्पताल है। यहां पंखों वाले पक्षियों का इलाज आधुनिकतम तकनीक से होता है। कतर में बड़ी संख्या में बाज पाये जाते हैं और यहां के लोग तेज नजर वाले पक्षी को पालना अपनी शान की निशानी मानते हैं। पक्षियों की अच्छी तादाद को देखते हुए उन्हें मेडिकल फेसिलिटी भी अच्छी मिलनी चाहिए, इसी को ध्यान में रखते हुए यह अस्पताल खोला गया है।

वैज्ञानिकों ने

## त्वचा जैसी फीलिंग वाली 3डी फिंगर टिप बनाई

ब्रिटिश वैज्ञानिकों ने ऐसी 3डी फिंगर टिप बनाई है, जो



इंसानी त्वचा जैसी संवेदनशील है। यह इंसानी नसों की तरह संकेत दे सकती है। ब्रिस्टॉल यूनिवर्सिटी के रोबोटिक्स लेबोरेटरी के प्रोफेसर नाथन लेपोरा ने कहा है कि यह खोज इंसानी त्वचा की जटिल आंतरिक संरचना और मानवीय स्पर्श के अहसास को समझने में मददगार होगी।

## स्मृति शेष

### गीतकार माया गोविंद का निधन

हिंदी सिनेमा की प्रसिद्ध गीतकार माया गोविंद का



82 वर्ष की उम्र में मुंबई में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थीं। 1972 में बतौर गीतकार अपना कॅरियर शुरू करने वाली माया ने तकरीबन 350 से ज्यादा फिल्मी गाने लिखे। दूरदर्शन पर प्रसारित हुए धारावाहिक महाभारत के लिये उन्होंने गीत, छंद, दोहे लिखे थे। उन्होंने 'रजिया सुल्तान', बाल ब्रह्मचारी, आर या पार जैसी कई हिट फिल्मों के गीत लिखे थे। अच्छी गीत रचनाओं के लिए उन्हें विभिन्न अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया था।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

कॅरियर की राहें

# मोबाइल एप डेवलपमेंट और डिजाइनिंग में कॅरियर के मौके

**'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।**

**कोरोना काल की आपदाओं और चुनौतियों के बीच मोबाइल एप डेवलपमेंट और डिजाइनिंग में कॅरियर के बेहतर मौके लगातार बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। चाहे कोई सामान खरीदना हो, गेम खेलना हो, बच्चों के स्कूल की क्लास हो, बैंक अकाउंट से रुपयों का लेन-देन हो, टैक्स भरना हो, कोई बिजनेस संचालित करना हो या फिर कोरोना टीकाकरण से संबंधित जानकारियां हों, ऐसे सैंकड़ों काम मोबाइल में इंस्टाल किए हुए एप्लीकेशन्स के माध्यम से तुरंत संभव हो जाते हैं।**

### लगातार बढ़ रहा है मोबाइल एप का बाजार

गौरतलब है कि भारत में सस्ते स्मार्टफोन, सस्ती दरों पर इंटरनेट और

लोगों की भीड़भाड़ से दूरी की आदत के कारण मोबाइल एप का मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। एप मार्केट डाटा से जुड़ी वैश्विक रिसर्च कंपनी एप एनी के मुताबिक भारत मोबाइल एप डेवलपमेंट के क्षेत्र में दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ मार्केट है। एक अनुमान के मुताबिक, मोबाइल एप का बाजार वर्ष 2025 तक बढ़कर लगभग 1 हजार अरब डॉलर तक हो जाएगा।

### मोबाइल एप सेक्टर में कॅरियर के विविध मौके

किसी कंपनी की एप को उस कंपनी का डिजिटल बिजनेस कार्ड भी कहा जाने लगा है। ऐसे में किसी मोबाइल एप के तहत कॅरियर बनाने के प्रमुख छह चरण होते हैं, आइडिया, डिजाइन, डेवलपमेंट, टेस्टिंग, लॉन्चिंग और मार्केटिंग इनके तहत कॅरियर के मौके बढ़ रहे हैं। जिस तरह से देश और दुनिया में लाखों एप लॉन्च हो रहे हैं, उसे देखते हुए एप डेवलपर्स की डिमांड भी लगातार बढ़ रही है। इस फील्ड में एप डेवलपर, एप डिजाइनर, एप डेवलपमेंट कंसल्टेंट, एप टेस्टर जैसे पदों पर कॅरियर के मौके बढ़ गए हैं।

### नए बजट 2022-23 से मोबाइल एप सेक्टर को प्रोत्साहन

चालू वित्त वर्ष 2022-23 के बजट के तहत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर मोबाइल एप एवं स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए भी लाभप्रद प्रोत्साहन दिए गए हैं। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र से मोबाइल एप सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस सेक्टर से संबंधित निर्माताओं तथा उद्योग जगत के द्वारा भी विश्वस्तरीय उत्पाद बनाना सुनिश्चित किया गया है। इससे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम आगे बढ़े हैं। चूंकि चीन से बाहर निकलते मोबाइल एप सेक्टर में निवेश और निर्यात के मौके भारत की ओर आते हुए दिखाई दे रहे हैं, अतएव चालू वर्ष बजट 2022-23 में उपयुक्त प्रावधानों और व्यवस्थाओं से बड़ी संख्या में मोबाइल एप सेक्टर से संबंधित मौकों को मुट्ठियों में किया जा सकेगा। इससे मोबाइल एप सेक्टर में बड़ी संख्या में अच्छे कॅरियर के मौके उभरकर दिखाई देंगे।

### मोबाइल एप डेवलपर की प्रोफेशनल स्किल्स

एक सफल मोबाइल एप डेवलपर एवं डिजाइनर बनने के लिए उम्मीदवार का

टेक्नोलॉजी फ्रेंडली होना तथा बिजनेस माइंडेड होना जरूरी है। एप डेवलपमेंट एंड डिजाइनिंग एक ऐसा कॅरियर है, जो खूबसूरत और उपयोगी एप्स बनाने की प्रोफेशनल स्किल्स से जुड़ा हुआ है। एप डेवलपमेंट एवं डिजाइनिंग एक कला है और कला के लिए रचनात्मकता, कल्पनाशीलता तथा नए प्रयोग करते रहने की ललक का होना नितांत आवश्यक है। परिश्रम, लगन तथा धैर्य दूसरे जरूरी गुण हैं क्योंकि कभी-कभी एप्स के लिए एक छोटा-सा कोड डिजाइन करने में अधिक समय भी लग जाता है।

### मोबाइल एप में कॅरियर की शैक्षणिक जरूरतें

कम्प्यूटर एवं मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर का बेसिक ज्ञान और मैथ्स, साइंस से पढ़ाई करने वालों के लिए मोबाइल एप डेवलपमेंट का क्षेत्र ज्यादा अनुकूल है। परंतु डिजाइनिंग तथा कोडिंग में अपनी स्किल बढ़ाकर अन्य बैकग्राउंड के विद्यार्थी भी इस क्षेत्र में अपना बेहतर कॅरियर बना सकते हैं। सामान्यतया एप डेवलपर एक सॉफ्टवेयर प्रोग्रामर या इंजीनियर होता है जो एक या अधिक मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम और डिवाइसों पर प्रोग्राम डिजाइन कर सकता है, विकसित कर सकता है और परीक्षण कर सकता है।

### मोबाइल एप संबंधी कोर्स कहां से करें

सामान्यतः बारहवीं के उपरांत एप्स डेवलपमेंट एंड डिजाइनिंग के सर्टिफिकेट,

डिप्लोमा और डिग्री से जुड़े विभिन्न तरह के कोर्स किए जा सकते हैं। वर्तमान में देश के कोने-कोने में आईटी कॉलेजों के अलावा कई अन्य संस्थानों में एप डेवलपमेंट से संबंधित ये कोर्स कराए जाते हैं। जो स्टूडेंट्स एप डेवलपमेंट में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, उन्हें सबसे पहले किसी एक प्रोग्रामिंग लैंग्वेज में विशिष्टतः हासिल करनी चाहिए। जावा, सी और सी++ लैंग्वेज सीखने से शुरुआत की जाना अधिक उपयुक्त होता है। इसको सीखने के बाद बाकी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज सीखना आसान होता है। इन भाषाओं को सीखने के लिए यूट्यूब का सहारा ले सकते हैं। विभिन्न पोर्टल से भी मोबाइल एप के कोर्स ऑनलाइन सीख सकते हैं। यह आवश्यक है कि कोर्स की सामग्री तथा संस्थान की विश्वसनीयता को ध्यान में रखकर ही सही संस्थान का चयन किया जाए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षण-प्रशिक्षण एवं मार्केट एक्सपोजर देने वाले संस्थान ज्यादा लाभकारी साबित हो सकते हैं।

### अच्छे वेतन वाला प्रतिष्ठित कॅरियर

निश्चित रूप से कोरोनाकाल के बीच जिस तरह मोबाइल एप डेवलपर की जिस तरह मांग बढ़ी है, उसके तहत बीटेक, बीसीए, एमसीए किए हुए युवाओं को कंपनियां अपेक्षाकृत प्राथमिकता दे रही हैं। अनुभव बढ़ने के साथ अच्छी कंपनियों से जुड़कर और अच्छी सैलरी प्राप्त कर की जा सकती है। मोबाइल एप कॅरियर में घर बैठे वर्क फ्रॉम होम भी सरलता से उपलब्ध हो जाता है। स्वरोज़गार के तहत मोबाइल एप बनाकर एंटरप्रेन्योर के रूप में एप्स डेवलपर का कार्य करते हुए अच्छी कमाई की जा सकती है।

**- डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

# विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. **किस बल्लेबाज के नाम रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है?**
(अ) सचिन तेंदुलकर
(ब) अमोल मजूमदार
(स) वसीम जाफर
(द) मनोज तिवारी

2. **टोक्यो ओलिंपिक-2020 में किस देश ने रग्बी सेवंस में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) फिजी
(ब) न्यूजीलैंड
(स) ब्राजील
(द) अर्जेंटीना

3. **इस वर्ष किस देश ने एएफसी महिला एशिया कप का खिताब जीता है?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) जापान
(स) दक्षिण कोरिया
(द) चीन

4. **पैरा ओलिंपिक चैम्पियन देवेंद्र झाझड़िया किस खेल के खिलाड़ी हैं?**
(अ) भाला फेंक
(ब) निशानेबाजी
(स) तीरंदाजी
(द) गोला फेंक

5. **इनमें से कौन-सा खिलाड़ी भारत के लिए फुटबॉल नहीं खेलता है?**
(अ) सुभाषीश बोस
(ब) अभिषेक बनर्जी
(स) अनिरुद्ध थापा
(द) रहीम अली

6. **भारत ने कितने बार सुल्तान अजलान शाह कप जीता है?**
(अ) तीन बार
(ब) चार बार
(स) पांच बार
(द) सात बार

7. **इस वर्ष अर्जेंटीना ओपन टेनिस टूर्नामेंट पुरुष एकल वर्ग में चैम्पियन बने हैं?**
(अ) डिएगो श्वार्टजमैन
(ब) कैस्पर रूड
(स) फेवियो फोगनिनी
(द) केविन एंडरसन

8. **सीमा पूनिया ने किस वर्ष एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता था?**
(अ) वर्ष 2006
(ब) वर्ष 2010
(स) वर्ष 2014
(द) वर्ष 2018

9. **इनमें से किस शहर में पहले ओलिंपिक खेल आयोजित किए गए थे?**
(अ) पेरिस
(ब) लॉस एंजेलिस
(स) लंदन
(द) एथेंस

10. **टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने कितने बार यूएस ओपन में एकल खिताब जीते हैं?**
(अ) तीन बार
(ब) पांच बार
(स) सात बार
(द) आठ बार

11. **इनमें से किस देश में अब तक एक भी बार आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप आयोजित नहीं हुआ है?**
(अ) बांग्लादेश
(ब) श्रीलंका
(स) संयुक्त अरब अमीरात
(द) न्यूजीलैंड

12. **वर्ष 2018 में यूएस ओपन में महिला एकल वर्ग में चैम्पियन बनीं थीं?**
(अ) एश्ले बार्टी
(ब) नाओमी ओसाका
(स) स्लोएन स्टीफंस
(द) सिमोना हालेप

13. **मार्क बाउचर किस देश के दिग्गज विकेटकीपर रह चुके हैं?**
(अ) दक्षिण अफ्रीका
(ब) इंग्लैंड
(स) जिम्बाब्वे
(द) वेस्ट इंडीज

14. **वर्ष 2021 में किस खिलाड़ी ने वर्ल्ड स्नूकर चैम्पियनशिप जीती थी?**
(अ) शॉन मर्फी
(ब) मार्क सेल्बी
(स) कायरन विल्सन
(द) स्टुअर्ट बिंगहम

15. **ओलिंपिक खेलों में कुश्ती स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान हैं?**
(अ) के.डी. जाधव
(ब) सुशील कुमार
(स) योगेश्वर दत्त
(द) नरसिंह यादव

16. **एशियन गेम्स-2018 में किस देश ने महिला हॉकी में स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) भारत
(ब) मलेशिया
(स) जापान
(द) चीन

17. **वर्ष 2026 में शीतकालीन ओलिंपिक खेल किस देश में आयोजित किए जायेंगे?**
(अ) नॉर्वे (ब) कनाडा
(स) ऑस्ट्रिया (द) इटली

18. **एलिस मर्टेंस किस देश की महिला टेनिस खिलाड़ी है?**
(अ) बेल्जियम (ब) स्पेन
(स) यूक्रेन (द) कनाडा

19. **वर्ष 2021 के लिए किस खिलाड़ी को टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था?**
(अ) डेविड वॉर्नर
(ब) मोहम्मद रिजवान
(स) श्रेयस अय्यर
(द) जोस बटलर

20. **टोक्यो ओलिंपिक में पुरुष वर्ग में मैराथन रेस के स्वर्ण पदक विजेता हैं?**
(अ) बशीर अब्दी
(ब) सेलेमन बारेगा
(स) इलियुड किपचोगे
(द) जोशुआ चेपेतगई

21. **विकास गौड़ा ओलिंपिक खेलों में किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) भाला फेंक
(ब) चक्का फेंक
(स) पोल वॉल्ट
(द) गोला फेंक

22. **आईसीसी महिला वन-डे वर्ल्डकप-2022 में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तान थीं?**
(अ) मिताली राज
(ब) स्मृति मंधाना
(स) हरमनप्रीत कौर
(द) शैफाली वर्मा

23. **वर्ष 2018 में किस देश ने एआईएच महिला हॉकी वर्ल्डकप जीता था?**
(अ) मलेशिया (ब) ब्रिटेन
(स) कनाडा (द) नीदरलैंड

24. **फीफा वर्ल्डकप-2022 का शुभंकर (मस्कट) है?**
(अ) लाइव
(ब) फुलेको
(स) जाबिवाका
(द) इनमें से कोई नहीं

25. **फिलिप लाम किस देश की फुटबॉल टीम के कप्तान रह चुके हैं?**
(अ) फ्रांस (ब) जर्मनी
(स) स्पेन (द) इटली

### उत्तरमाला

1. (स), 2. (अ), 3. (द), 4. (अ), 5. (ब), 6. (स), 7. (ब), 8. (स), 9. (द), 10. (अ), 11. (द), 12. (ब), 13. (अ), 14. (ब), 15. (अ), 16. (स), 17. (द), 18. (अ), 19. (ब), 20. (स), 21. (ब), 22. (अ), 23. (द), 24. (अ), 25. (ब)

**- पुष्पेन्द्र कुमार सविता**

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

# हिन्दी साहित्य

**1. ऋग्वेद में किस भाषा का प्रयोग हुआ है ?**
(अ) पालि
(ब) वैदिक संस्कृत
(स) अवहट्ट
(द) प्राकृत
**उत्तर - (ब) वैदिक संस्कृत**

**2. इनमें से कौन सी भाषा मध्य काल की नहीं है?**
(अ) अपभ्रंश (ब) पालि
(स) प्राकृत (द) संस्कृत
**उत्तर - (द) संस्कृत**

**3. अपभ्रंश के प्रमुख कवि धनपाल की रचना कौनसी है?**
(अ) भविष्यत्त कहा
(ब) उपदेश रसायन
(स) महापुराण
(द) खुमान रासो
**उत्तर - (अ) भविष्यत्त कहा**

**4. 'शब्दानुशासन' नामक प्राचीन व्याकरण के रचयिता हैं?**
(अ) मुनि जिनविजय
(ब) हेमचन्द्र
(स) रामसिंह
(द) पुष्पदंत
**उत्तर - (ब) हेमचन्द्र**

**5. इनमें से किस कवि की गणना 84 सिद्धों में होती है?**
(अ) जोइन्दु (ब) धनपाल
(स) स्वयंभू (द) सरहपा
**उत्तर - (द) सरहपा**

**6. हंस जवाहिर के रचयिता कौन हैं?**
(अ) शेखनवी (ब) जायसी
(स) कासिम शाह (द) उस्मान
**उत्तर - (स) कासिम शाह**

**7. इनमें से कौनसी रचना अवधी भाषा की नहीं है?**
(अ) विनय पत्रिका
(ब) रामचरित मानस
(स) पदमावत्
(द) मधुमालती
**उत्तर - (अ) विनय पत्रिका**

**8. 'चौरासी वैष्णवन की वार्ता' किस भाषा में लिखी गई गद्य रचना है?**
(अ) हिन्दी (ब) राजस्थानी
(स) ब्रज भाषा (द) अपभ्रंश
**उत्तर - (स) ब्रज भाषा**

**9. देवनागरी लिपि का विकास किस से हुआ है?**
(अ) खरोष्ठी लिपि
(ब) ब्राह्मी लिपि
(स) चित्र लिपि
(द) गुरुमुखी लिपि
**उत्तर - (ब) ब्राह्मी लिपि**

**10. पंचम् वर्ण के स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग देवनागरी लिपि में किए जाने का सुझाव किसने दिया था?**
(अ) श्रीनिवास दास
(ब) महात्मा गांधी
(स) बाबू श्यामसुन्दर दास
(द) काका कालेलकर
**उत्तर - (स) बाबू श्यामसुन्दर दास**

**11. "साहित्य का इतिहास जनता की चिरवृत्ति का इतिहास है" यह कथन किसका है?**
(अ) डॉ. रामकुमार वर्मा
(ब) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(स) गणपतिचन्द गुप्त
(द) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
**उत्तर - (द) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल**

**12. हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परंपरा का सूत्रपात किसने किया?**
(अ) रामचन्द्र शुक्ल
(ब) जार्ज ग्रियर्सन
(स) गार्सा-द-तासी
(द) शिव सिंह सेंगर
**उत्तर - (स) गार्सा-द-तासी**

**13. हिन्दी साहित्य का इतिहास सर्वप्रथम किस भाषा में लिखा गया?**
(अ) हिन्दी (ब) अंग्रेजी
(स) उर्दू (द) फ्रेंच
**उत्तर - (द) फ्रेंच**
**व्याख्या-** लेखक - गार्सा-द-तासी

**14. पं. बालकृष्ण भट्ट किस पत्र के सम्पादक थे?**
(अ) ब्राह्मण (ब) हिन्दी प्रदीप
(स) मर्यादा (द) सुधा
**उत्तर - (ब) हिन्दी प्रदीप**

**15. 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन कहां से होता था?**
(अ) काशी (ब) दिल्ली
(स) कलकत्ता (द) पटना
**उत्तर - (स) कलकत्ता**

**16. गणेश शंकर विद्यार्थी कानपुर से कौन सा पत्र निकालते थे?**
(अ) ब्राह्मण (ब) हिन्दी प्रदीप
(स) प्रताप (द) माधुरी
**उत्तर - (स) प्रताप**

**17. हिन्दी की धार्मिक मासिक पत्रिका कौनसी है?**
(अ) वर्तमान साहित्य
(ब) कल्याण
(स) सरस्वती
(द) विश्वामित्र
**उत्तर - (ब) कल्याण**

**18. इनमें से गलत जोड़ा छांटिए?**
(अ) प्रभा - बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(ब) देवनागर - उमापति दत्त शर्मा
(स) हंस - प्रेमचन्द
(द) मर्यादा - रामचन्द्र शुक्ल
**उत्तर - (द) मर्यादा - रामचन्द्र शुक्ल**

**19. इनमें से कौनसी पत्रिका छायावाद की समर्थक थी?**
(अ) सुधा (ब) माधुरी
(स) मर्यादा (द) हंस
**उत्तर - (ब) माधुरी**

**20. जयप्रकाश भारती किस बाल पत्रिका के सम्पादक थे?**
(अ) नन्दन (ब) पराग
(स) रविवार (द) दिनमान
**उत्तर - (अ) नन्दन**

**21. राहुल सांकृत्यायन हिन्दी का प्रथम कवि किसे मानते हैं?**
(अ) लुइपा (ब) सरहपा
(स) शालिभद्र (द) चन्द्रवरदायी
**उत्तर - (ब) सरहपा**

**22. 'आल्ह खंड' किस लोकप्रिय रचना का नाम है?**
(अ) परमाल रासो
(ब) पृथ्वीराज रासो
(स) खुमाण रासो
(द) हम्मीर रासो
**उत्तर - (अ) परमाल रासो**

**23. पृथ्वीराज रासो के बृहतरूपान्तर में कुल कितने सर्ग हैं?**
(अ) 30 (ब) 36
(स) 47 (द) 69
**उत्तर - (द) 69**

**24. नारी निन्दा किस सम्प्रदाय में मिलती है?**
(अ) नाथ सम्प्रदाय
(ब) जैन सम्प्रदाय
(स) सिद्ध सम्प्रदाय
(द) किसी में नहीं
**उत्तर - (अ) नाथ सम्प्रदाय में**

**25. आदिकाल में खड़ी बोली का प्रयोग किस कवि ने किया?**
(अ) स्वयंभू (ब) खुसरो
(स) विद्यापति (द) चन्दबरदायी
**उत्तर - (ब) खुसरो**

**26. इनमें से जैन धर्म का संबंध किस कवि से नहीं है?**
(अ) स्वयंभू (ब) धनपाल
(स) जोइन्दु (द) विद्यापति
**उत्तर - (द) विद्यापति**

**27. इनमें से कौनसा ग्रन्थ शिलाओं पर लिखा है?**
(अ) प्रबंध चिन्तामणि
(ब) चर्यापद
(स) उक्ति व्यक्ति प्रकरण
(द) राउलवेलि
**उत्तर - (द) राउलवेलि**

**28. पाहुड़ दोहा के रचयिता कौन हैं?**
(अ) पुष्प दंत (ब) रामसिंह
(स) सरहपा (द) धनपाल
**उत्तर - (ब) रामसिंह**

**29. रीतिकाल का दूसरा नाम क्या है?**
(अ) मध्यकाल
(ब) श्रृंगार काल
(स) उत्तम काल
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर - (ब) श्रृंगार काल**

**30. 'ढोला-मारू-रा दोहा' के रचयिता कौन हैं?**
(अ) जगनिक
(ब) चन्दबरदायी
(स) कुशल प्रकाश
(द) कुशल लाभ
**उत्तर - (द) कुशल लाभ**

**31. प्राकृत पैंगलम् किस विषय पर केन्द्रित रचना है?**
(अ) काव्य शास्त्र
(ब) छन्द शास्त्र
(स) न्याय शास्त्र
(द) दर्शन शास्त्र
**उत्तर - (ब) छन्द शास्त्र**

**32. विद्यापति पदावली में किस रस की प्रधानता है?**
(अ) वीर रस (ब) शान्त रस
(स) श्रृंगार रस (द) वात्सल्य रस
**उत्तर - (स) श्रृंगार रस**

**33. अपभ्रंश और राजस्थानी भाषा के योग से बनी काव्य भाषा को क्या नाम दिया गया है?**
(अ) डिंगल (ब) पिंगल
(स) सेहया भाषा (द) अवहट्ट भाषा
**उत्तर - (अ) डिंगल भाषा**

**34. नाथ सम्प्रदाय का प्रभाव हिन्दी के किस कवि पर सर्वाधिक पड़ा?**
(अ) कबीर दास (ब) गुरुनानक
(स) सुन्दर दास (द) विद्यापति
**उत्तर - (अ) कबीर दास**

**35. 'चार्ल्स इलियट' ने इनमें से किस ग्रंथ का प्रकाशन कराया?**
(अ) परमाल रासो
(ब) आल्ह खण्ड
(स) पृथ्वीराज रासो
(द) बीसलदेव रासो
**उत्तर - (ब) आल्ह खण्ड**

**36. रासक छन्द में कितनी मात्राएं होती हैं?**
(अ) 20 (ब) 29
(स) 25 (द) 24
**उत्तर - (ब) 29**

**37. हिन्दी साहित्य काल को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए?**
(अ) भारतेन्दु युग, प्रयोगवाद, रीतिकाल, छायावाद
(ब) छायावाद, प्रयोगवाद, रीतिकाल, भारतेन्दु काल
(स) प्रयोगवाद, रीतिकाल, भारतेन्दु युग, छायावाद
(द) रीतिकाल, भारतेन्दु युग, छायावाद, प्रयोगवाद
**उत्तर - (द) रीतिकाल, भारतेन्दु युग, छायावाद, प्रयोगवाद**

**38. निम्नलिखित को रचनाकाल के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए?**
(अ) बीसलदेव रासो, पृथ्वीराज रासो, हम्मीर रासो, विजयपाल रासो
(ब) पृथ्वीराज रासो, बीसलदेव रासो, विजयपाल रासो, हम्मीर रासो
(स) हम्मीर रासो, बीसलदेव रासो, विजयपाल रासो, पृथ्वीराज रासो
(द) विजयपाल रासो, पृथ्वीराज रासो, बीसलदेव रासो, हम्मीर रासो
**उत्तर - (अ) बीसलदेव रासो, पृथ्वीराज रासो, हम्मीर रासो, विजयपाल रासो**

**39. निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित कर सही कूट का चयन कीजिए?**

**सूची I**
(अ) माधुरी
(ब) ब्राह्मण
(स) विशाल भारत
(द) कवि वचन सुधा

**सूची II**
1) बनारसी दास चतुर्वेदी
2) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
3) दुलारेलाल भार्गव
4) प्रताप नारायण मिश्र

| कूट | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| A - | 2 | 3 | 4 | 1 |
| B - | 4 | 1 | 2 | 3 |
| C - | 3 | 4 | 1 | 2 |
| D - | 1 | 4 | 3 | 2 |

**उत्तर - C - 3, 4, 1, 2**

**40. किस ग्रन्थ को छन्दों का अजाबघर कहा जाता है?**
(अ) परमाल रासो
(ब) पृथ्वीराज रासो
(स) बीसलदेव रासो
(द) खुमान रासो
**उत्तर - (ब) पृथ्वीराज रासो**

**41. इनमें से कौनसा ग्रन्थ वीर रस प्रधान न होकर श्रृंगार प्रधान ग्रन्थ है?**
(अ) परमाल रासो
(ब) पृथ्वीराज रासो
(स) हम्मीर रासो
(द) बीसलदेव रासो
**उत्तर - (द) बीसलदेव रासो**

**42. इनमें से कौनसा नाम आदिकाल के लिए नहीं दिया गया?**
(अ) आदिकाल
(ब) चारणकाल
(स) सिद्ध-सामंतयुग
(द) संधिकाल
**उत्तर - (द) संधिकाल**

**43. आदिकाल में मनोरंजक साहित्य की रचना किसने की?**
(अ) चन्दबरदायी
(ब) विद्यापति
(स) अमीर खुसरो
(द) गोरखनाथ
**उत्तर - (स) अमीर खुसरो**

**44. राजकमल प्रकाशन की कौनसी पत्रिका डॉ. नामवर सिंह के सम्पादन में प्रकाशित हुई है?**
(अ) प्रकाशन समाचार
(ब) आलोचना
(स) समीक्षा
(द) पराग
**उत्तर - (ब) आलोचना**

**45. 'गोरखबानी' के सम्पादक कौन हैं?**
(अ) माताप्रसाद गुप्त
(ब) वासुदेव शरण अग्रवाल
(स) श्यामसुन्दर दास
(द) पीताम्बर दत्त बड़त्वाल
**उत्तर - (द) पीताम्बर दत्त बड़त्वाल**

**- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय**
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं।)

### आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर

# चार सौ अरब डॉलर तक पहुंचा भारत का निर्यात

पहली बार वस्तु निर्यात के क्षेत्र में भारत ने 400 अरब डॉलर के निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर लिया है। यह आत्मनिर्भर भारत की राह में किसी मील के पत्थर से कम नहीं है। कुछ दिनों पहले देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने ट्वीट में इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा था कि 'भारत ने पहली बार निर्धारित 400 अरब डॉलर के वस्तु निर्यात के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल किया है। मैं इस सफलता के लिए अपने किसानों, बुनकरों, एमएसएमई, निर्माताओं और निर्यातकों को बधाई देता हूं।' प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात की 87वीं कड़ी में भी इस ऐतिहासिक उपलब्धि का उल्लेख किया था।

### निर्धारित तिथि से 9 दिन पहले हासिल किया लक्ष्य

वित्त वर्ष 2020-21 में भारत का वस्तु निर्यात 292 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जबकि 2021-22 में देश का निर्यात 37 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 400 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। वस्तु निर्यात चालू वित्त वर्ष के दौरान निर्धारित तिथि से 9 दिन पहले ही 400 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया। यह वित्त वर्ष 2028-19 में अर्जित 330 बिलियन डॉलर के पिछले रिकॉर्ड से बहुत अधिक है। निर्यात लक्ष्य की प्राप्ति के पीछे देश-वार, उत्पाद-वार तथा ईपीसी-वार विशिष्ट लक्ष्य, निगरानी और कार्य सुधार सहित एक विस्तृत रणनीति कार्य कर रही थी।

### कोविड-19 महामारी की चुनौतियों के बावजूद रचा इतिहास

कोविड-19 की लगातार आने वाली लहरों से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद देश ने ऐतिहासिक निर्यात का लक्ष्य हासिल किया है। 400 बिलियन डॉलर यानी लगभग 30 लाख करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य हासिल करने का मतलब यह है कि जहां एक ओर दुनियाभर में भारत में बनी वस्तुओं की मांग बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ भारत की सप्लाई चेन दिनों-दिन और ज्यादा मजबूत हो रही है। भारतीय निर्यात के लिए नए बाजारों को जुटाने और वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति में बदलाव के लिए आपूर्ति श्रृंखला जैसे पहलुओं में कोविड-19 महामारी के बाद भारत सरकार ने कदम बढ़ाए थे।

कोविड की लगातार आने वाली लहरों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत के वस्तु व्यापार प्रदर्शन ने प्रभावशाली बढ़ोतरी दिखाई है तथा निर्यात अप्रैल से फरवरी के दौरान 11 लगातार महीनों (मार्च के अंत में लगातार 12 महीनों तक संभव) तक हर महीने 30 बिलियन डॉलर से अधिक रहा है जिसमें विशेष रूप से दिसंबर 2021 के दौरान 39.3 बिलियन डॉलर का अब तक का सर्वोच्च मासिक वस्तु व्यापार रिकॉर्ड किया गया था। इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 2021-22 के दौरान पिछले वर्ष की अवधि की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत बढ़ा है।

### कारगर रहे निर्यात में बढ़ोतरी के लिए भारत सरकार के कदम

कुछ महीने (फरवरी 2022 में) पहले ही केंद्र सरकार ने कहा था कि भारत इस वित्तीय वर्ष में 400 अरब डॉलर के निर्यात तक पहुंचने की राह पर है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक औसतन, हर घंटे 46 मिलियन अमेरिकी डॉलर का सामान निर्यात किया जाता है, प्रतिदिन एक बिलियन अमेरिकी डॉलर का सामान निर्यात किया जाता है और हर महीने तकरीबन 33 बिलियन अमरीकी डॉलर का निर्यात किया जाता है। भारतीय निर्यात में बढ़ोतरी के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए तमाम कदम काफी कारगर साबित हुए हैं। केंद्र सरकार ने मुक्त व्यापार समझौतों या व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौतों में प्रवेश करने के

(शेष अगले पृष्ठ पर)

## Objective Questions for MPPSC AE/MPPEB JE

# Civil Engineering

**1. Percentage of water available on earth that is Saline is :**
(a) 0% (b) 21%
(c) 97% (d) 67%

**Ans- (c) 97%**
Total volume of water available on earth is $1386\times10^6$ km$^3$ out of which $1348\times10^6$ km$^3$ is contained in oceans and is Saline. Only 2.5% of water is fresh water and rest 97.5% is saline. Ground water is about 0.61% and lakes and rivers is about 0.01%.

**2. The process of making unfertile barren land as fertile land is called :**
(a) Gully erosion
(b) Land reclamation
(c) Soil conservation
(d) Afforestation

**Ans- (b) Land reclamation**
Land reclamation is the reclamation of land is the process of making a land culturable after it gets converted to unculturable area due to the bad effect of water logging.

**3. An impervious formation that neither contains nor transmits water is called :**
(a) Aquitard (b) Aquifuge
(c) Aquifer (d) Aquiclude

**Ans- (b) Aquifuge**
- Aquifuge - It is formation which is neither porous nor preamble eg : massive rock without any fracture.
- Aquifer - It is saturated formation of earth material which not only stores water but also yields it in sufficient quantity eg : gravel & sand.
- Aquiclude - It is a formation which is essentially impreamble to the flow of water although it connections water in large amount clay.
- Aquitard - It is a formation through which only seepage is possible and thus the yield insignificant.

**4. IRC recommendation for maximum width of a vehicle is:**
(a) 1.76 m (b) 2.1 m
(c) 2.44 m (d) 4.86 m

**Ans- (c) 2.44 m**
According IRC recommendation for maximum width of a vehicle is :
(i) Length - 10.6 m
(ii) Width - 2.44 m
(iii) Height - 3.80 m
(iv) Height - 4.72 m (double deckerbus)

**5. In Bligh creep theory :**
(a) No distinction is made between horizontal and vertical deep.
(b) The uplift pressure distribution is parabolic.
(c) Providing a cutoff at the downstream end of the floor is absolutely necessary to prevent piping.
(d) Head loss is proportional to the square of creep length.

**Ans- (a) No distinction is made between horizontal and vertical deep.**
According to Bligh's creep theory the percolating water follows the outline of base of the foundation of the hydraulic structure. In other words, water creeps along the bottom contour of structure. The length of path thus traversed by the water is called the length of creep. Bligh's makes no distinction between horizontal and vertical creep.

**6. The Penman's evapotranspiration equation is based on :**
(a) water budget method
(b) mass transfer method
(c) energy balance method
(d) b and c

**Ans- (d) b and c**
Penman's evapotranspiration equation is based on energy balance and mass transfer approach.

**7. Crest level is kept low with large gates in the following :**
(a) Sluice (b) Barrage
(c) Escape (d) Regulator

**Ans- (b) Barrage**
Crest level is kept low with large gates in the Barrage.

**8. Multi U-tube manometers with different fluids are used to measure :**
(a) Very low pressure
(b) High pressure
(c) Medium pressure
(d) Low pressure

**Ans- (b) High pressure**
Multi U-tube manometers with different fluids are used to measure high pressure.

**9. The Euler's number is the square root between the inertia force and the :**
(a) Pressure force
(b) Elastic force
(c) Viscous force
(d) Surface tension force

**Ans- (a) Pressure force**

$$\text{Euler Number} = \sqrt{\frac{\text{inertia force}}{\text{pressure force}}}$$

**10. If the discharge in a Canal equals to 70m$^3$/s with its silt factor $\sqrt{2}$, the velocity of flow in Canal as per lacey's theory is :**
(a) 0.25 m/s (b) 0.50 m/s
(c) 1 m/s (d) 1.5 m/s

**Ans- (c) 1 m/s**
Velocity as per Lacey's theory

$$v = \left(\frac{Qf^2}{140}\right)^{1/6}$$ Q = discharge

v = velocity in m/sec
f = Silt factor

$$v = \left[\frac{70\times(\sqrt{2})^2}{140}\right]^{1/6} \Rightarrow v = 1 \text{ m/s}$$

**11. Special investigation should be carried out for bridges having following features : As per IRC recommendations minimum length of approaches at ends of the bridge is :**
(a) 20 m (b) 25 m
(c) 30 m (d) 15 m

**Ans- (d) 15 m**
As per IRC recommendations minimum length of approaches at ends of the bridge is 15 m.

**12. The design flood for a culvert should be preferably :**
(a) The probable maximum flood
(b) The highest observed flood
(c) Obtained from a flood formula
(d) Obtained from statistical considerations say a flood of 50 years return period.

**Ans- (d) Obtained from statistical considerations say a flood of 50 years return period.**

**13. IRC class-B loading is intended for the design of :**
(a) Temporary bridges
(b) Suspension bridges
(c) Bridge in B class cities
(d) Box-girder bridges

**Ans- (a) Temporary bridges**
IRC class-B loading is intended for the design of temporary bridges.

**14. The maximum velocity through a circular Canal takes place when the depth of flow is equal to :**
(a) 0.50 times the diameter
(b) 0.81 times the diameter
(c) 0.20 times the diameter
(d) 0.35 times the diameter

**Ans- (b) 0.81 times the diameter**
The maximum velocity occurs when the depth of the flow is 0.81 times the diameter. The maximum discharge in a circular channel occurs when the depth of flow is 0.95 times the diameter.

**15. Tacheometric formula for horizontal distances using horizontal sight can also suitably be employed for inclined sights through by multiplying the constants by:**
(a) $\cos\theta$
(b) $\sin\theta$
(c) $\cos^2\theta$
(d) $\cos^2\theta$ and additive constant by $\cos\theta$

**Ans- (d) $\cos^2\theta$ and additive constant by $\cos\theta$**
Horizontal distance for straight sight D = KS+C
Inclined sight
$D = K S \cos^2\theta + C \cos\theta$
Where
K = multiplying constant
C = Additive constant
S = Stadia Interval

**16. The normal temperature of sewage when compared to that of water is generally :**
(a) Higher (b) Lower
(c) Same (d) No relation

**Ans- (a) Higher**
Generally the normal temperature of sewage is higher when compared to that of water because in the sewage digestion occurs.

**17. Equivalent factor of PCU for trucks is :**
(a) 1 (b) 3
(c) 0.5 (d) 4

**Ans- (b) 3**

| Vehicle | Eq. PCU Factor |
|---|---|
| Car | 1 |
| Truck | 3 |
| Motor cycle | 0.5 |
| Horse driven vehicles | 4 |

**18. The Hydraulic mean depth of a circular Sewer running full is equal to :**
(a) d/8 (b) d/4
(c) d/2 (d) d/6

**Ans- (b) d/4**
Hydraulic mean depth

$$= \frac{A}{P} \Rightarrow \frac{\text{Area}}{\text{Perimeter}}$$

for circular sewer

$$= \frac{\frac{\lambda}{4}d^2}{\lambda d} = \frac{d}{4}$$

**19. The shape of STOP sign according to IRC : 67-2001 is:**
(a) Octagonal
(b) Triangular
(c) Rectangular
(d) Circular

**Ans- (a) Octagonal**

**20. The design Reference flow (DRF) is a ... :**
(a) hourly flow rate
(b) yearly flow rate
(c) daily flow rate
(d) weekly flow rate

**Ans- (a) hourly flow rate**
The design Reference flow (DRF) is a hourly flow rate.

**21. The minimum composite sleeper index for wooden sleepers used over bridge girders is :**
(a) 783 (b) 1455
(c) 1355 (d) 1555

**Ans- (b) 1455**
CSI is the hardness index of timber to determine the Suitability of a particular timber to use as sleeper.

| | CSI values (min) |
|---|---|
| Track Sleepers | 783 |
| Crossing Sleepers | 1352 |
| Bridge sleepers | 1455 |

**22. If the sleeper density is N+6, then what will be the number of sleepers required for constructing a 500m broad gauge track (rail length= 13m)?**
(a) 741 (b) 925
(c) 887 (d) 732

**Ans- (d) 732**
Sleeper density = N+6
N = 13 for broad gauge
Sleeper density = 13+6 = 19
Total no. of Sleeper required for 500 m broad gauge track construction

$$= \frac{19}{13}\times500 \Rightarrow 730.76 \cong 732$$

**23. The standards and laws for international flight are governed by :**
(a) CAO (b) ICO
(c) IAO (d) ICAO

**Ans- (d) ICAO**
International civil Aviation Organisation governs the standards and laws for international fight.

**24. If R is the radius of curve and L is the length of long chord the shift of the curve is (meter unit) :**
(a) $\frac{L^2}{24R}$ (b) $\frac{L^2}{16R}$
(c) $\frac{L^2}{2R}$ (d) $\frac{L^2}{4R}$

**Ans- (a) $\frac{L^2}{24R}$**

**25. Buoyant unit weight equals the saturated density :**
(a) Divided by unit weight of water
(b) Plus unit weight of water
(c) Multiplied by unit weight of water
(d) Minus unit weight of water

**Ans- (d) Minus unit weight of water**
Buoyant unit weight equals the saturated density minus unit weight of water i.e.

$$\gamma_B = \gamma - \gamma_w$$

**26. The first temporary adjustment of a prismatic compass :**
(a) Centering
(b) Levelling
(c) Removing the paraller
(d) Focusing of the prism

**Ans- (a) Centering**
Temporary adjustment of prismatic Compass:
- fixing the compass to tripod
- Centering the compass
- Levelling the compass
- Sighting the compass
- Observation of bearing

**- साहिल शर्मा**
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

**(पिछले पृष्ठ का शेष)**
लिए संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, कनाडा और कई अन्य देशों के साथ बातचीत की जिसका सकारात्मक असर सीधा भारत के निर्यात पर पड़ा और देश के निर्यात में तेजी आई।

### निर्यात को बढ़ावा देने वाली केंद्र सरकार की योजनाएं

सरकार ने निर्यात क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए कई उपाय किए हैं। एक अप्रैल, 2015 को एक नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2015-20 आरंभ की गई। विदेश व्यापार नीति (2015-20) की मध्यावधि समीक्षा (2017) की गई तथा सुधारात्मक कदम उठाये गए। कोविड-19 महामारी की स्थिति के कारण विदेश व्यापार नीति (2015-20) की अवधि को एक वर्ष अर्थात् 31.03.2022 तक विस्तारित कर दिया गया। लॉजिस्टिक्स सेक्टर के समेकित विकास के लिए वाणिज्य विभाग में एक नए लॉजिस्टिक्स प्रभाग का निर्माण किया गया। निर्यातकों को सस्ता ऋण उपलब्ध कराने के लिए 1.4.2015 से शिपमेंट से पहले तथा शिपमेंट के बाद के रुपया निर्यात ऋण पर ब्याज समकरण स्कीम लागू की गई। सरकार ने सूक्ष्म, लघु तथा मझोले उद्यमियों (एमएसएमई) के निर्यातकों सहित नए तथा संभावित निर्यातकों तक पहुंचने तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में उन्हें प्रवेश कराने में सक्षम बनाने के लिए विदेश व्यापार के विभिन्न पहलुओं पर अनुकूलन कार्यक्रमों, परामर्श सत्रों, व्यक्तिगत सुगमीकरण आदि के जरिये उनका संरक्षण करने तथा भारत से निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक निर्यात बंधु स्कीम का कार्यान्वयन करना आरंभ किया।

निर्यातों को बढ़ावा देने के लिए कई स्कीमों अर्थात् निर्यात योजना के लिए व्यापार अवसंरचना (टीआईईएस) तथा बाजार पहुंच पहल (एमएआई) स्कीम के जरिये उन्हें सहायता उपलब्ध कराई गई। कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 6 दिसंबर, 2018 को एक व्यापक 'कृषि निर्यात नीति' आरंभ की गई। कृषि उत्पादों के निर्यात के लिए माल ढुलाई के नुकसान को कम करने के लिए माल ढुलाई के अंतर्राष्ट्रीय घटक के लिए सहायता उपलब्ध कराने हेतु एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना 'निर्दिष्ट कृषि उत्पादों के लिए परिवहन तथा विपणन सहायता' आरंभ की गई थी।

व्यापार को सुगम बनाने तथा निर्यातकों द्वारा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के उपयोग को बढ़ाने के लिए उत्पत्ति के प्रमाण-पत्र के लिए एक कॉमन डिजिटल प्लेटफार्म लॉन्च किया गया। विशिष्ट कार्य योजनाओं का अनुसरण करके सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने तथा विविधता लाने के लिए 12 चैंपियन सेवा क्षेत्रों की पहचान की गई। प्रत्येक जिले में निर्यात संभावना वाले उत्पादों की पहचान कर जिलों को निर्यात हब के रूप में लॉन्च किया गया। इन उत्पादों के निर्यात के लिए बाधाओं को दूर किया गया है तथा जिले में रोज़गार सृजन के लिए स्थानीय निर्यातकों व विनिर्माताओं की सहायता की जा रही है। भारत के व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी तथा निवेश लक्ष्यों को बढ़ावा देने की दिशा में विदेशों में भारतीय मिशनों की सक्रिय भूमिका को बढ़ाया गया।

रीजनल कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप या आरसीईपी (RCEP) की अवधारणा नवम्बर-2011 में आयोजित 11वें आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत की गई और नवम्बर-2012 में कंबोडिया में आयोजित 12वें आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान इस समझौते की प्रारंभिक वार्ताओं की शुरुआत की गई। आरसीईपी के लिए चल रही वार्ता में एक निर्णायक मोड़ उस वक्त (नवम्बर-2019 में) आया था, जब भारत ने इस विशाल कारोबारी समझौते से खुद को अलग रखने का फैसला किया था। 10 आसियान देशों और उनके 5 अन्य मुक्त व्यापार साझेदार देशों (ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, न्यूजीलैंड तथा दक्षिण कोरिया) के बीच क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी यानी आरसीईपी पर हस्ताक्षर किये गए थे। आरसीईपी देश विश्व की एक-तिहाई आबादी और वैश्विक जीडीपी के 30 प्रतिशत हिस्से (लगभग 26 ट्रिलियन से अधिक) का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**- रश्मि रंजन**
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए

# मध्यप्रदेश बजट-2022-2023

**1. मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर वर्ष 2020-21 में संपूर्ण देश की वद्धि दर से कितने प्रतिशत अधिक रही?**
(अ) 4.7 प्रतिशत
(ब) 5.8 प्रतिशत
(स) 3.9 प्रतिशत
(द) 6.2 प्रतिशत

**2. वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के अनुसार वैश्विक अर्थव्यवस्था में वर्ष 2021 में आर्थिक गतिविधियों में सक्रियता आने पर कितने प्रतिशत की वद्धि दर अनुमानित है?**
(अ) 5.8 (ब) 5.9
(स) 6.0 (द) 6.2

**3. वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था में कितने प्रतिशत की वृद्धि दर अनुमानित है?**
(अ) 5.8 (ब) 5.3
(स) 9.0 (द) 7.2

**4. मध्यप्रदेश के कितने जिला चिकित्सालयों में गहन चिकित्सा इकाई उपलब्ध है?**
(अ) 35 (ब) 52
(स) 50 (द) 45

**5. मध्यप्रदेश में कितने पी.एस.ए. प्लांट स्थापित किये गये हैं?**
(अ) 223 (ब) 225
(स) 228 (द) 230

**6. मध्यप्रदेश का रोडमैप-2023 के कितने आधार स्तंभ हैं?**
(अ) 2 (ब) 3
(स) 5 (द) 5

**7. वित्तीय वर्ष 2021-22 का पुनरीक्षित अनुमान पूंजीगत परिव्यय का राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का कितने प्रतिशत रहा?**
(अ) 4 (ब) 5
(स) 6 (द) 7

**8. बजट प्रावधानों के अनुसार वर्ष 2022-23 में प्रस्तावित पूंजीगत व्यय में कितने प्रतिशत की वृद्धि की गई है?**
(अ) 21 (ब) 15
(स) 16 (द) 18

**9. भारत सरकार की विशेष केन्द्रीय सहायता योजना के अंतर्गत पूंजीगत कार्यों के लिये वर्ष 2022-23 में कितनी राशि का प्रावधान म.प्र. के लिये किया गया है?**
(अ) 5 लाख करोड़ रुपये
(ब) 1 लाख करोड़ रुपये
(स) 2 लाख करोड़ रुपये
(द) 3 लाख करोड़ रुपये

**10. वर्ष 2021-22 में प्रदेश में लोक निर्माण विभाग द्वारा कितने वृहद पुल एवं रेलवे ओवर ब्रिज पूर्ण किये गये हैं?**
(अ) 21 (ब) 22
(स) 23 (द) 25

**11. आगामी वित्तीय वर्ष में लोक निर्माण विभाग द्वारा कितने नवीन पुलों का निर्माण प्रस्तावित है?**
(अ) 50 (ब) 80
(स) 88 (द) 100

**12. वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट प्रस्ताव में कितने हजार किलोमीटर की नवीन सड़कें बनाना प्रस्तावित है?**
(अ) 3 (ब) 5
(स) 8 (द) 10

**13. 2022-23 के बजट में निम्न नवीन कंपनियों का निर्माण प्रस्तावित है?**
(अ) मध्यप्रदेश बिल्डिंग डेव्लपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(ब) क्वालिटी एश्योरेंस काउंसिल
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**14. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जनवरी- 2022 तक कितने पुलों का निर्माण किया गया था?**
(अ) 80 (ब) 100
(स) 140 (द) 160

**15. वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत कितने पुल बनवाये जायेंगे?**
(अ) 80 (ब) 100
(स) 180 (द) 200

**16. मुख्यमंत्री ग्राम सड़क परियोजना के अंतर्गत जनवरी- 2022 तक कितने किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ है?**
(अ) 618 (ब) 712
(स) 836 (द) 948

**17. वर्तमान में प्रदेश की सिंचाई क्षमता कितने लाख हेक्टेयर है?**
(अ) 40 (ब) 43
(स) 65 (द) 70

**18. केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रदेश की कितनी जनसंख्या को पेयजल उपलब्ध होगा?**
(अ) 40 लाख (ब) 41 लाख
(स) 42 लाख (द) 43 लाख

**19. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत प्रदेश में 2021-22 में कितने हेक्टेयर सिंचाई क्षमता विकसित हुई है?**
(अ) 7370 हेक्टेयर
(ब) 7500 हेक्टेयर
(स) 6500 हेक्टेयर
(द) 8000 हेक्टेयर

**20. मध्यप्रदेश का कौनसा जिला 'हर घर जल' जिला बन गया है?**
(अ) भोपाल (ब) बुरहानपुर
(स) रायसेन (द) इंदौर

**21. प्रदेश के कितने ग्रामों के शत प्रतिशत घरों में नल से जल पहुंचाया जा रहा है?**
(अ) 4 हजार
(ब) 3 हजार
(स) 3.5 हजार
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**22. प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता कितने मेगावॉट है?**
(अ) 5000 (ब) 5100
(स) 5300 (द) 6000

**23. प्रदेश के किस वैश्विक पर्यटन स्थल को सोलर सिटी के रूप में विकसित किये जाने का प्रस्ताव है?**
(अ) सांची (ब) भोजपुर
(स) खजुराहो (द) उपरोक्त सभी

**24. प्रदेश ने किस वर्ष तक नेट जीरो एमीशन का लक्ष्य रखा है?**
(अ) 2050 (ब) 2070
(स) 2080 (द) 2055

**25. प्रदेश के कृषि उत्पादों के निर्यातों का मूल्य 2020 में था?**
(अ) 566 मिलियन डॉलर
(ब) 1355 मिलियन डॉलर
(स) 1500 मिलियर डॉलर
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**26. मुख्यमंत्री 'राशन आपके द्वार' योजना के अंतर्गत कितने जनजातीय विकासखण्डों में राशन सामग्री का परिवहन कर हितग्रहियों तक राशन वितरण की व्यवस्था की जा रही है?**
(अ) 70 (ब) 80
(स) 89 (द) 100

**27. 'एक जिला एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत श्योपुर को किस उत्पाद के लिये चुना गया है?**
(अ) हल्दी (ब) अमरूद
(स) सीताफल (द) लहसुन

**28. कुल दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश का देश में कौनसा स्थान है?**
(अ) प्रथम (ब) द्वितीय
(स) तृतीय (द) चतुर्थ

**29. प्रदेश में 2.50 करोड़ से अधिक गौ-भैंस वंशीय पशुओं को यू.आई.डी. टैग लगाये गये हैं। भारत सरकार के 'इनाफ पोर्टल' पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार प्रदेश का इसमें स्थान है?**
(अ) प्रथम (ब) द्वितीय
(स) तृतीय (द) चतुर्थ

**30. प्रदेश में उपलब्ध जलक्षेत्र का लगभग कितने प्रतिशत क्षेत्र मछली पालन से आच्छादित है?**
(अ) 90
(ब) 99
(स) 100
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**31. मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना कहां की जायेगी?**
(अ) उज्जैन (ब) इंदौर
(स) भोपाल (द) जलबपुर

**32. प्रदेश में कितने नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जाना प्रस्तावित हैं?**
(अ) 9 (ब) 10
(स) 11 (द) 12

**33. प्रदेश के किन महानगरों में आई.टी. पार्कों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है?**
(अ) इंदौर
(ब) भोपाल
(स) जबलपुर
(द) उपरेक्त सभी

**34. अंतर्राष्ट्रीय ग्लोबल स्किल पार्क किस शहर में बनाया जा रहा है?**
(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) ग्वालियर

**35. वर्तमान में प्रदेश के कितने विकासखण्डों में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं नहीं हैं?**
(अ) 46 (ब) 45
(स) 50 (द) 52

**36. प्रदेश के किस शहर में माइनिंग विधा का इंजीयरिंग कॉलेज प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है?**
(अ) रायसेन (ब) पन्ना
(स) सिंगरौली (द) छिन्दवाड़ा

**37. हैरिटेज सम्पत्तियों का संरक्षण कर उन स्थानों को पर्यटकों हेतु आकर्षक बनाने हेतु कितनी संपत्तियों को निजी निवेश को लीज पर दिया गया है?**
(अ) 4 (ब) 5
(स) 6 (द) 7

**38. प्रदेश के किस विमानतल को कस्टम नोटिफाइड एयरपोर्ट घोषित किया गया है?**
(अ) भोपाल (ब) इंदौर
(स) जबलपुर (द) ग्वालियर

**39. 'देवारण्य योजना' किससे संबंधित है?**
(अ) औषधि एवं एरोमेटिक पौधों की पैदावार
(ब) तीर्थ स्थानों के विकास
(स) कृषि उपज से संबंधित
(द) उपरोक्त में से काई नहीं

**40. विशेष पिछड़ी जनजातीय (बैगा, भारिया एवं सहारिया) को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से कितने जिलों में आहार अनुदान योजना प्रस्तावित है?**
(अ) 10 (ब) 15
(स) 20 (द) 25

**41. वर्तमान में मध्यप्रदेश में किस राज्य वित्त आयोग की अनुशंसाओं को लागू किया जा रहा है?**
(अ) 5 (ब) 4
(स) 6 (द) 7

**42. ऐसे गरीब, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्रता तो रखते हैं, किन्तु किसी कारण से उनका नाम सूची में नहीं जुड़ पाया, ऐसे 31 लाख हितग्रहियों को किस योजना के तहत लाभ दिलाया जायेगा?**
(अ) मुख्यमंत्री गरीब कल्याण योजना
(ब) आवास प्लस सूची
(स) आवासीय मंडल
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**43. स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में प्रदेश का देश में कौनसा स्थान रहा है?**
(अ) प्रथम (ब) द्वितीय
(स) तृतीय (द) चतुर्थ

**44. देश का पहला वाटर प्लस शहर मध्यप्रदेश में कौनसा है?**
(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) उज्जैन

**45. प्रदेश के कितने शहरों में स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने के लिये स्टार्टअप इक्यूबेशन केन्द्रों की स्थापना की गई है?**
(अ) 3 (ब) 4
(स) 5 (द) 6

**उत्तर**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अ | 2 | ब | 3 | स | 4 | ब |
| 5 | अ | 6 | स | 7 | अ | 8 | अ |
| 9 | ब | 10 | अ | 11 | स | 12 | अ |
| 13 | स | 14 | स | 15 | स | 16 | अ |
| 17 | ब | 18 | ब | 19 | अ | 20 | ब |
| 21 | अ | 22 | ब | 23 | अ | 24 | ब |
| 25 | ब | 26 | स | 27 | ब | 28 | स |
| 29 | अ | 30 | ब | 31 | अ | 32 | स |
| 33 | द | 34 | ब | 35 | अ | 36 | स |
| 37 | अ | 38 | ब | 39 | अ | 40 | ब |
| 41 | अ | 42 | ब | 43 | स | 44 | अ |
| 45 | स | | | | | | |

**व्याख्या-**

7. अ - यह अनुमान 40 हजार 415 करोड़ रुपये रहा।
8. अ -यह 48 हजार 800 करोड़ रुपये प्रस्तावित है।
17. ब - वर्ष 2025 तक इसे 65 लाख हेक्टेयर करना प्रस्तावित है।
25. ब - वर्ष 2015 में यह 566 मिलियन डॉलर था।
27. ब - इस उत्पाद को प्रोत्साहित करने के लिये एक निर्यात प्रोत्साहन योजना प्रारंभ करने का प्रस्ताव है।
33. द - चारों महानगरों में पार्क की स्थापना प्रस्तावित है।
37. अ - इन संपत्तियों में ताजमहल (भोपाल), गोविन्दगढ़ (रीवा), राजगढ़ पैलेस (छतरपुर) तथा माधवगढ़ (सतना) सम्मिलित हैं।
38. ब - इस विमान तल से अंतर्राष्ट्रीय कार्गो सेवा भी चालू है।
44. अ - इंदौर शहर को लगातार पांचवीं बार देश के स्वच्छतम् शहर का पुरस्कार तथा 5 स्टार रेटिंग के साथ यह सम्मान मिला है।
45. स - भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर तथा उज्जैन

**-डॉ. माया राठी**
**(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं)**

## इंदौर के स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट को स्कॉच सिल्वर अवॉर्ड

**भोपाल,** देश में अपनी तरह के सबसे पहले एवं सबसे आधुनिक रेडियो फ्रीक्वेंसी स्मार्ट मीटर का विशाल प्रोजेक्ट संचालित करने वाली मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी को देश का प्रतिष्ठित स्कॉच सिल्वर अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। इस अवॉर्ड के लिए देश की विभिन्न बिजली कंपनियां, राज्यों के ऊर्जा विभाग, बैंक, शासकीय सेवा उपलब्ध कराने वाली संस्थाएं और तकनीकी संस्थाएं आदि शामिल थीं।

पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी ने श्रेष्ठ सेवाओं, योजना के कार्यों की स्कॉच टीम के साथ सर्वोत्तम प्रस्तुति, वोटिंग एवं अन्य मापदंडों को पूरा करते हुए सिल्वर अवॉर्ड हासिल किया है।

इस अवॉर्ड की प्राप्ति पर मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने स्मार्ट मीटर योजना के मुख्य अभियंता श्री एसआर बमनके, अधीक्षण अभियंता श्री डीएस चौहान, सेंट्रलाइज्ड स्मार्ट मीटर कंट्रोल सेंटर प्रभारी श्री नवीन गुप्ता और पूरी टीम को बधाई दी है।

प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि कंपनी का महू शत-प्रतिशत स्मार्ट मीटर वाला मध्यप्रदेश का पहला शहर है, वहीं इंदौर, उज्जैन, रतलाम, देवास, खरगोन आदि में अब तक पौने तीन लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

**DEVI AHILYA VISHWAVIDYALAYA, INDORE**
**(NAAC Accredited "A+" Grade)**
**Admission Notice 2022-23**
**(UG and Integrated Programs under DAVV CET)**

Devi Ahilya Vishwavidyalaya (DAVV), Indore invites online applications for admission to the various Undergraduate and Integrated programmes (earlier included in DAVV CET) for the academic session 2022-23 through Common University Entrance Test, CUET (UG) - 2022 to be conducted by National Testing Agency (NTA).

(a) For Program Details, Admission Procedure, Eligibility, Number of Seats, Reservation Policy, Entrance Test Provisions, Fees, Mapping of Programs- Subject for Test, Counseling and Helpline, please refer to **University website www.dauniv.ac.in and CUET website https://cuet.samarth.ac.in**

(b) As the entrance test will be conducted by NTA, therefore, the University will follow the admission procedure, syllabus and application fee etc. for entrance test for UG and Integrated Level as notified by the NTA for CUET. Interested candidates may visit the **University website www.dauniv.ac.in and CUET website https://cuet.samarth.ac.in** for all updates regularly.

(c) **Closing date of Online submission of Application forms (UG and Integrated Level): 06.05.2022 (5.00 PM).**

(d) **Dates for Online Application and details for Entrance Test CUET (PG) for Post Graduate (PG) programmes will be notified separately on University website www.dauniv.ac.in**

M.P. Madhyam/104455/46914/2022 **REGISTRAR**

खेल चर्चा

## ओपेल्का ने जीता पहला क्ले कोर्ट खिताब

**ह्यूस्टन,** अमेरिका के रेली ओपेल्का ने अपने हमवतन जान इस्नर को 6-3, 7-6 (7) से हराकर अमेरिकी क्ले कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीता। एटीपी टूर का यह फाइनल सबसे लंबे कद के खिलाड़ियों के बीच था, जिसमें छह फुट 11 इंच के ओपेल्का ने छह फुट 10 इंच लंबे इस्नर पर बाजी मारी। ओपेल्का का यह एटीपी टूर में चौथा और क्ले कोर्ट पर पहला खिताब है। ओपेल्का ने अपने सभी खिताब अमेरिका में जीते हैं। 24 वर्षीय ओपेल्का ने न्यूयार्क में 2019 में इंडोर खिताब, 2020 में डेलरे बीच और इस वर्ष डलास ओपन का खिताब जीता था। चौथी वरीयता प्राप्त 36 वर्षीय इस्नर ने 2013 में ह्यूस्टन में खिताब जीता था। इस्नर ने अब तक 16 एटीपी टूर खिताब जीते हैं।

## मिग्नोन डू प्रीज ने टेस्ट और वन-डे क्रिकेट से लिया संन्यास

**केपटाउन,** दक्षिण अफ्रीका की दिग्गज महिला क्रिकेटर मिग्नोन डू प्रीज ने टेस्ट

और वन-डे क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। प्रीज ने कहा कि वे अब ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहती हैं, इसलिये टेस्ट और वन-डे क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला लिया है। प्रीज ने हाल ही में सम्पन्न आईसीसी महिला विश्वकप में शानदार प्रदर्शन किया था। प्रीज ने इस विश्वकप में आठ मैचों में 161 रन बनाये थे और दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल में पहुंचाया था। मिग्नोन डू प्रीज ने दक्षिण अफ्रीका के लिये 154 वन-डे मैचों में 2 शतक के साथ 3760 रन बनाये हैं, वहीं 108 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 1750 रन बनाये हैं। प्रीज ने एक टेस्ट मैच भी खेला है। इस मैच में प्रीज ने एक शतक के साथ 119 रन बनाये हैं।

## बाबर आजम बने प्लेयर ऑफ द मंथ

**दुबई,** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मार्च 2022 के लिये प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। बाबर ने मार्च महीने में पाकिस्तान दौरे पर आई ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। बाबर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट, वन-डे और ट्वेंटी-20 सीरीज में बल्ले के साथ लाजवाब प्रदर्शन किया था। बाबर ने टेस्ट सीरीज में 390 रन बनाये और वन-डे सीरीज में 2 शतक लगाये थे। वहीं एकमात्र ट्वेंटी-20 मैच में भी उन्होंने अर्धशतक जड़ा था। बाबर के अलावा प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिये ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस और वेस्टइंडीज के क्रेग ब्रेथवेट को भी नामांकित किया गया था। वहीं महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज रशेल हेन्स को मिला। रशेल ने आईसीसी महिला विश्वकप में शानदार बल्लेबाजी की तथा अपनी टीम को चैंपियन बनाया।

जूनियर महिला हॉकी विश्वकप

# नीदरलैंड्स चौथी बार बना विश्व चैंपियन

**पोचेफस्ट्रूम,** नीदरलैंड्स की युवा महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका में खेले गये एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्वकप का खिताब अपने नाम किया है। नीदरलैंड्स ने फाइनल मुकाबले में जर्मनी को 3-1 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। नीदरलैंड्स ने चौथी बार यह विश्व खिताब जीता है।

पूरे टूर्नामेंट में लाजवाब प्रदर्शन करने वाली नीदरलैंड्स की टीम ने सेमीफाइनल में भारत को 3-0 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी, वहीं जर्मनी ने इंग्लैंड को 8-0 से करारी मात देकर फाइनल का टिकट कटाया था।

फाइनल मुकाबले में नीदरलैंड्स और जर्मनी के बीच कांटे की टक्कर की उम्मीद थी, लेकिन शानदार फॉर्म में चल रही नीदरलैंड्स की टीम ने जर्मनी को चारों खाने चित कर दिया। नीदरलैंड्स ने मैच की शुरुआत से ही जर्मनी के खिलाफ आक्रामक नीति अपनाई। जर्मनी की टीम ने नीदरलैंड्स के तेज अटैक को थामे रखा, लेकिन पहले क्वार्टर के 7वें मिनट में वान डर वीरडोंक गोल करने में कामयाब रहे। इस गोल की बदौलत नीदरलैंड्स 1-0 से आगे हो गया। मैच के दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। हाफ टाइम तक मैच का स्कोर नीदरलैंड्स के पक्ष में रहा।

मैच का तीसरा क्वार्टर बेहद रोमांचक रहा। तीसरे क्वार्टर के 32वें मिनट में जर्मनी की सोफिया स्कावे को गोल करने का मौका मिला। स्कावे ने इस मौके को गोल में

- **नीदरलैंड्स ने चार बार, अर्जेंटीना तथा दक्षिण कोरिया ने 2-2 बार और जर्मनी ने एक बार जीता है जूनियर महिला विश्वकप।**
- **नीदरलैंड्स वर्ष 1997, 2009 और 2013 में भी बना है चैंपियन।**
- **टूर्नामेंट में नीदरलैंड्स की जिप डिके ने सर्वाधिक 13 गोल किये।**
- **जर्मनी की स्टेनी कर्ज को टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।**
- **भारत की मुमताज खान ने टूर्नामेंट में आठ गोल किये।**

तब्दील कर जर्मनी को बराबरी दिलाई। गोल खाने के बाद नीदरलैंड्स की टीम ने काउंटर अटैक तेज कर दिया। दो मिनट बाद (34वें मिनट) टेसा बीट्मा ने बेहतरीन गोल करते हुये नीदरलैंड्स को फिर बढ़त दिला दी। बीट्मा ने मैच के 44वें मिनट में एक और गोल करके नीदरलैंड्स की स्थिति मजबूत कर दी। मैच के चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों ने गोल करने के मौके बनाये, लेकिन कोई भी टीम सफल नहीं हो पाई।

**कांस्य पदक से चूका भारत**

एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्वकप में कांस्य पदक के लिये भारत और इंग्लैंड के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें इंग्लैंड ने पेनाल्टी शूट आउट के जरिये जीत दर्ज की। मैच में दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैच का पहला क्वार्टर गोल रहित रहा, जबकि दूसरे क्वार्टर में 18वें मिनट में इंग्लैंड की मिली गिग्लियो ने गोल किया, वहीं 21वें मिनट में भारत की मुमताज ने बराबरी का गोल दागा। तीसरा क्वार्टर भी गोल रहित रहा। चौथे क्वार्टर के 47वें मिनट में मुमताज ने एक बार फिर बेहतरीन गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। मैच के अंतिम समय में क्लौडिया स्वेन ने गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद अतिरिक्त समय में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई और मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट में हुआ। शूटआउट में इंग्लैंड की तीन खिलाड़ियों ने गोल किये, जबकि भारतीय खिलाड़ी एक गोल भी नहीं दाग पाईं। इंग्लैंड ने मैच 3-0 से जीता।

## भारत ने थाईलैंड ओपन मुक्केबाजी में जीते 10 पदक

**फुकेट,** थाईलैंड में आयोजित थाईलैंड ओपन इंटरनेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भारत के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये तीन स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य सहित 10 पदक जीते। टूर्नामेंट में भारत के 15 मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया था। टूर्नामेंट में गोविंद साहनी ने 48 किलोग्राम भारवर्ग, अनंत प्रहलाद ने 54 किलोग्राम भारवर्ग तथा सुमित ने 75 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीते। अमित पंघल, मोनिका, वरिंदर सिंह और आशीष कुमार ने टूर्नामेंट में रजत पदक जीते, वहीं मनीषा, पूजा और भाग्यवती कचारी ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। इस टूर्नामेंट में विश्व के 130 शीर्ष मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया था, इनमें 74 पुरुष तथा 56 महिला मुक्केबाज शामिल हैं।

## भारतीय सीनियर ब्रिज टीम ने जीता रजत पदक

**साल्सोमागिओरे टेमरे,** भारत की सीनियर पुरुष ब्रिज टीम ने इटली में आयोजित 45वें विश्व ब्रिज टीम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुये रजत पदक जीता है। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में फ्रांस को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में भारत का सामना पोलैंड की ब्रिज टीम से हुआ, जिसमें भारतीय टीम को 194-239 से हार का सामना करना पड़ा। फाइनल में भले ही भारत को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम ने फाइनल में जगह बनाकर देश को गौरवान्वित किया। भारतीय टीम में अशोक गोयल, आर. कृष्णन, अनिल पाघे, राजेश दलाल, सुब्रत साहा और सुकमल दास शामिल थे।

# दक्षिण अफ्रीका ने 332 रन से जीता दूसरा टेस्ट मैच

**पोर्ट एलिजाबेथ,** दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज को दक्षिण अफ्रीका ने 2-0 से जीत लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज के दूसरे और अंतिम मैच में बांग्लादेश को 332 रनों से हराया।

मैच में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर (70) और सारेल इरवी (24) ने मजबूत शुरुआत दिलाई। इनके बाद कीगन पीटरसन (64), टेम्बा बावूमा (67) और रियान रिकलटन (42) ने शानदार पारियां खेलीं। निचले क्रम के बल्लेबाज केशव महाराज ने 95 गेंदों में 84 रनों की तावड़तोड़ पारी खेलकर स्कोर 453 तक पहुंचाया। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 217 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के लिये मुश्फिकुर रहीम ने 51 रनों की पारी खेली।

पहली पारी में 236 रनों की बढ़त हासिल करने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी 176 रन के स्कोर पर घोषित की।

दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश के सामने 413 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। बांग्लादेश की टीम 23.3 ओवरों में 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

**कोरोना के कारण प्लेइंग इलेवन में बदलाव**

मैच के चौथे दिन दक्षिण अफ्रीका के दो खिलाड़ी सारेल इरवी और वियान मुल्डर कोरोना पॉजिटिव पाये गये। इन दोनों खिलाड़ियों की जगह प्लेइंग इलेवन में खाया जोंडो और ग्लेनटन स्टरमैन को शामिल किया गया। हालांकि इन दोनों खिलाड़ियों को बैटिंग और बॉलिंग का मौका नहीं मिला। ये अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहला अवसर है, जब कोरोना के कारण मैच के बीच में प्लेइंग इलेवन में बदलाव किया गया है।

# दीपिका ने विश्व युगल चैंपियनशिप में जीते दो खिताब

**ग्लास्गो,** भारत की शीर्ष स्क्वॉश खिलाड़ी दीपिका पल्लीकल कार्तिक ने डब्ल्यूएसएफ विश्व युगल चैंपियनशिप में महिला और मिश्रित युगल दोनों के खिताब अपने नाम किये। दीपिका ने मिश्रित युगल में सौरव घोषाल के साथ और महिला युगल में जोशना चिनप्पा के साथ खिताब जीते। दीपिका अक्टूबर 2018 के बाद पहली प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता में खेल रही थीं।

दीपिका ने सौरव घोषाल के साथ मिलकर इंग्लैंड के एड्रियन वालेर और एलीसन वाटर्स की जोड़ी को 11-6, 11-8 से हराकर मिश्रित युगल खिताब जीता। इसके बाद दीपिका और जोशना चिनप्पा ने इंग्लैंड की सारा जेन पैरी और वाटर्स की जोड़ी पर 11-9, 4-11, 11-8 से जीत दर्ज कर महिला युगल खिताब भी अपने नाम किया। दीपिका ने तीन वर्ष से अधिक समय के बाद पहली बार किसी प्रतिस्पर्धी इवेंट में हिस्सा लिया और वर्ल्ड चैंपियनशिप

में मिक्स्ड डबल्स और महिला डबल्स का गोल्ड मेडल जीतने में सफल रहीं।

**राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में पदक की दावेदार**

दीपिका की इस जीत को राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी के रूप में देखा जा सकता है। ऐसे में दीपिका आगामी राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में जीत का परचम लहराना चाहेंगी।

## चार्ल्स लेकलर्क ने जीती ऑस्ट्रेलिया ग्रांप्री

**मेलबर्न,** मोनाको के युवा कार रेसर चार्ल्स लेकलर्क का इस वर्ष शानदार प्रदर्शन जारी है। लेकलर्क ने ऑस्ट्रेलियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस का खिताब अपने नाम किया है। फेरारी टीम के लेकलर्क ने 58 लैप की इस रेस को 1 घंटा 27 मिनट और 46.548 सेकेंड में पूरा किया। इस रेस में रेडबुल के सर्जियो पेरेज दूसरे, मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल तीसरे, लुईस हैमिल्टन चौथे तथा लेंडो नॉरिस पांचवें स्थान पर रहे। सऊदी अरब ग्रांप्री के चैंपियन मैक्स वर्स्टापेन गाड़ी में तकनीकी खराबी आने के कारण रेस पूरी नहीं कर सके और 38वें लैप के बाद रेस से हट गये। इस सत्र में चार्ल्स लेकलर्क की यह दूसरी जीत है। इससे पहले लेकलर्क ने बहरीन ग्रांप्री जीती थी। लेकलर्क ड्राइवर्स स्टैंडिंग में 71 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान पर काबिज हैं।

कोरिया ओपन

# होंगयांग और आन से यंग बनी चैंपियन

**सुनच्योन,** चीन के युवा शटलर वेंग होंगयांग ने कोरिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। वहीं दक्षिण कोरिया की युवा खिलाड़ी आन से यंग महिला वर्ग में चैंपियन बनीं।

**होंगयांग ने क्रिस्टी को हराया**

टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में होंगयांग ने इंडोनेशिया के आठवीं वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी को 12-21, 21-19, 21-15 से हराया। इससे पहले होंगयांग ने सेमीफाइनल में विक्टर स्वेंडसेन को हराया था, वहीं क्रिस्टी ने सेमीफाइनल में भारत के किदांबी श्रीकांत को हराया था। फाइनल मैच में क्रिस्टी को जीत का दावेदार माना जा रहा था। क्रिस्टी ने मैच के पहले गेम में होंगयांग को 21-12 से हराकर जीत की उम्मीद जगाई थी। इसके बाद होंगयांग ने जबरदस्त वापसी करते हुये दूसरे गेम में क्रिस्टी को कड़ी टक्कर देते हुये 21-19 से हराया। तीसरे गेम में क्रिस्टी ने वापसी

करने की कोशिश की और होंगयांग पर दबाव बनाया, लेकिन होंययांग ने अंतिम क्षणों में शानदार खेल दिखाते हुये तीसरा गेम 21-15 से अपने नाम कर खिताब जीत लिया।

**चोचुवांग को हराकर चैंपियन बनीं यंग**

महिला एकल वर्ग के फाइनल में आन से यंग ने थाइलैंड की पोर्नपावी चोचुवांग को 21-17, 21-18 से हराया। मैच के पहले गेम में आन से यंग ने चोचुवांग की चुनौती को दरकिनार करते हुये आसानी से 21-17 से हराया। दूसरे गेम में चोचुवांग ने वापसी करने की कोशिश की, लेकिन आन से यंग के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सकी। यंग ने यह गेम 21-18 से अपने नाम किया।

कोरिया ओपन में पुरुष युगल वर्ग का खिताब दक्षिण कोरिया के कांग मिन ह्यूक और सियो सियुंगजी की जोड़ी ने जीता। महिला युगल वर्ग में भी दक्षिण कोरिया के खिलाड़ियों ने खिताब जीता। इस वर्ग में जिओंग नाईयुन और किम हेम जिओंग की जोड़ी ने थाईलैंड के बेनयापा ऐम्सार्द और नौताकर्न ऐम्सार्द की जोड़ी को हराया। टूर्नामेंट में मिश्रित युगल वर्ग का खिताब मलेशिया के टेन कियान मेंग और लाई पेई जिंग की जोड़ी ने जीता।

- **वेंग होंगयांग और आन से यंग ने पहली बार जीता है कोरिया ओपन का खिताब।**
- **आन से यंग ने अब तक 9 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीते हैं।**

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

सामयिकी

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने शहबाज शरीफ

शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान के 23वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के अचानक 'बीमार' पड़ने के कारण संसद के उच्च सदन सीनेट के चेयरमैन सादिक संजरानी ने उन्हें शपथ दिलाई। इससे पहले, संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार शहबाज को नेशनल असेंबली में प्रधानमंत्री चुना गया था। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने मतदान का बहिष्कार किया और उसके प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार शाह महमूद कुरैशी समेत सभी सदस्य सदन से बाहर चले गए। पीटीआई के चुनावी मैदान से हटने के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ पीएम पद के लिए इकलौते उम्मीदवार बचे थे, जिनके निर्वाचन की औपचारिकता पूरी की गई। 342 सदस्यीय सदन में शहबाज को 174 मत मिले, जो 172 के साधारण बहुमत से दो ज्यादा हैं।

भारत-अमेरिका वर्चुअल समिट

# बातचीत से निकले रूस और यूक्रेन के बीच शांति का मार्ग - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति श्री जोसेफ आर. बाइडेन के बीच वर्चुअल बैठक हुई। दोनों नेताओं ने कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों जैसे - कोविड-19 महामारी, वैश्विक आर्थिक सुधार, जलवायु कार्रवाई, दक्षिण एशिया और भारत-प्रशांत क्षेत्र में घटनाक्रम और यूक्रेन की स्थिति पर विचारों का व्यापक आदान-प्रदान किया। उन्होंने विगत वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की भी समीक्षा की। दोनों नेताओं ने इस मुद्दे पर भी सहमति जताई कि भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने से दोनों देशों को अत्याधिक लाभ होगा और इससे वैश्विक शांति, समृद्धि और स्थिरता में भी योगदान मिलेगा।

इस दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा कि विश्व के दो सबसे बड़े और पुराने लोकतंत्रों के रूप में हम नेचुरल सहयोगी हैं। पिछले कुछ वर्षों में हमारे संबधों में जो प्रगति हुई है, जो नया मूमेंटम बना है, एक दशक पहले, शायद ऐसी कल्पना करना मुश्किल था।






उन्होंने कहा हमारी बातचीत ऐसे समय पर हो रही है जब यूक्रेन में स्थिति बहुत चिंताजनक बनी हुई है। कुछ सप्ताह पहले तक 20,000 से अधिक भारतीय यूक्रेन में फंसे हुए थे। इनमें से अधिकांश युवा छात्र थे। काफी मेहनत के बाद, हम उन्हें वहां से सकुशल निकालने में सफल हुए, हालांकि एक छात्र ने अपना जीवन खो दिया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान, मैंने यूक्रेन और रूस दोनों के राष्ट्रपतियों से कई बार फोन पर बातचीत की। मैंने न सिर्फ शांति की अपील की, बल्कि राष्ट्रपति पुतिन को यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ सीधी बातचीत का सुझाव भी रखा। हमारी संसद में भी यूक्रेन के विषय पर बहुत विस्तार से चर्चा हुई है। बूचा शहर में निर्दोष नागरिकों की हत्याओं की खबर बहुत ही चिंताजनक थी। हमने इसकी तुरंत निंदा की और एक निष्पक्ष जाँच की मांग भी की है। हम आशा करते हैं कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रही बातचीत से शांति का मार्ग निकलेगा।

भारत ने यूक्रेन में जनता की सुरक्षा और उनको मानवीय सहायता की निर्बाध आपूर्ति पर भी महत्त्व दिया है। हमने अपनी तरफ से दवाइयां व अन्य राहत सामग्री यूक्रेन और उसके पड़ोसी देशों को भेजी हैं। यूक्रेन की मांग पर शीघ्र ही दवाइयों का एक और कन्साइनमेंट भेज रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा कि आपने अपने कार्यकाल के शुरू में ही एक बहुत महत्वपूर्ण स्लोगन दिया था - Democracies can Deliver. भारत और अमेरिका की Partnership की सफलता इस स्लोगन को सार्थक करने का सबसे उत्तम जरिया है।

उन्होंने कहा इस साल भारत अपनी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाँठ मना रहा है। हम अपने Diplomatic Relations की 75वीं सालगिरह भी मना रहे हैं। मुझे विश्वास है कि भारत की अगले 25 सालों की विकास यात्रा में अमेरिका के साथ हमारी मित्रता एक अभिन्न अंग रहेगी।

इस वार्तालाप के दौरान भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता के लिए वाशिंगटन डीसी गए रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर व्हाइट हाउस में अपने अमेरिकी समकक्षों, रक्षा मंत्री श्री लॉयड ऑस्टिन और विदेश मंत्री श्री एंटनी ब्लिंकन के साथ मौजूद थे।

चीन ने

## सर्बिया भेजीं खतरनाक मिसाइलें

चीन ने हाल ही में अपने विशालकाय Y-20 कार्गो विमानों को रूसी सहयोगी सर्बिया को कथित तौर पर एक एडवांस मिसाइल सिस्टम डिलीवर करने के लिए भेजा है। इसे चीनी वायु सेना द्वारा सबसे बड़ा विदेशी ऑपरेशन बताया जा रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की वायु सेना के लिए यूरोप में बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्ट विमान तैनात करना बेहद दुर्लभ मामला है। चीन की सरकार ने अभी तक मिशन की पुष्टि नहीं की है, लेकिन एक सरकारी मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि यह मिशन FK-3 की डिलीवरी के लिए हो सकता है। बता दें कि FK-3 चीनी HQ-22 सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल सिस्टम का एक्सपोर्ट वर्जन है।

चीन के द्वारा कथित तौर पर मिसाइल सिस्टम की ये डिलीवरी ऐसे समय में हुई है जब यूक्रेन पर चल रहे रूसी आक्रमण और बाल्कन क्षेत्र में हथियारों के निर्माण पर पश्चिमी देशों ने चिंताएं व्यक्त की हैं। इसके अलावा सर्बिया में Y-20 बेड़े की तैनाती को यूक्रेन में उथल-पुथल के बीच चीन की रणनीतिक पहुंच के रूप में भी देखा जा रहा है जो कि रूस का एक कट्टर सहयोगी है और उसने कीव पर मॉस्को के आक्रमण की आलोचना करने से इनकार कर दिया है।

ज्ञात रहे कि सर्बिया और चीन के बीच गहरे संबंध हैं और सर्बिया ने 2019 में चीन से FK-3 खरीदा था।

सूर्य पर आया भयानक तूफान

## नासा ने खींची अद्भुत तस्वीर

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी स्पेसक्राफ्ट ने एक और सौर लहर की फोटो खींची है। यह सोलर फ्लेयर उसी 'अतिसक्रिय' सनस्पॉट से विस्फोट हुई है जिसके चलते इस हफ्ते की शुरुआत में एक अद्भुत अरोर धरती पर दिखाई दिया था।

- **सूर्य की परिक्रमा कर रहा यह स्पेसक्राफ्ट धरती की सतह के 36,000 किलोमीटर की ऊंचाई पर मौजूद है। स्पेसक्राफ्ट ने दोपहर के समय मध्यम शक्ति वाली टाइप एम सौर लहर की तस्वीर खींची।**



नासा के मुताबिक सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी हर 10 सेकेंड में सूर्य की संपूर्ण डिस्क की फोटो खींचता है। इसकी तस्वीरें हाई-डेफिनिशन टीवी की तुलना में 10 गुना अधिक रिजॉल्यूशन वाली होती हैं। स्पेसक्राफ्ट द्वारा खींची गई तस्वीर स्पेक्ट्रम के पराबैंगनी हिस्से में फ्लेयर को दिखाती है जो इसके उच्च तापमान को दिखाता है। एक एम-क्लास फ्लेयर बेहद शक्तिशाली फ्लेयर होती है। यह सूर्य से अचानक निकला इलेक्ट्रोमैग्नेट रेडिएशन होता है जो प्रकाश की गति से बाहर निकलता है।

यूएस नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) ने फ्लेयर को एम 9.6 रैंक दी। इसका मतलब है कि यह एक्स-क्लास फ्लेयर बनने से बहुत दूर नहीं थी जो सबसे ज्यादा शक्तिशाली लहर होती है। सौर लहरें रेडियो कम्युनिकेशन को बाधित कर सकती हैं और रेडियो ब्लैकआउट का कारण बन सकती हैं। अमेरिका के नेशनल वेदर फॉरकास्ट ऑफिस के अनुसार एक मध्यम ब्लैक आउट कई मिनटों के लिए कम्युनिकेशन को बाधित कर सकता है।

## श्रीलंका के बाद आर्थिक संकट की ओर नेपाल

श्रीलंका के बाद नेपाल की भी अर्थव्यवस्था डगमगाने लगी है। नेपाल का केंद्रीय बैंक नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) अर्थव्यवस्था को बचाने में जुट गया है।

- **बैंकों को वाहनों समेत गैर जरूरी चीजों के लिए कर्ज न देने का निर्देश दिया गया है। एनआरबी ने 27 वाणिज्यिक बैंकों के साथ हुई बैठक में बैंकों को कर्ज न देने का निर्देश दिया है।**

एनआरबी ने अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्रालय को पत्र लिखकर पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर नियंत्रण लगाने को कहा है।

बैंक अधिकारियों का कहना है कि केंद्रीय बैंक का ये फैसला डूबती अर्थव्यवस्था को बचाने की खातिर है। इसी तरह नेपाल आयातित पेट्रोलियम उत्पादों के लिए भारत को हर महीने 24 से 29 अरब रुपये का भुगतान करता है। बैंक का सुझाव है कि वित्त मंत्रालय इस रकम में कटौती कर 12 से 13 अरब रुपये करें।

**वाहन आयात घटने से ईंधन बचेगा**

केंद्रीय बैंक के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष के पहले सात महीने में भुगतान घाटा 2.07 अरब डॉलर है। यही घाटा पिछले वर्ष इसी समय 817.6 लाख डॉलर था। मौजूदा विदेशी मुद्रा भंडार 11.75 अरब डॉलर से घटकर 9.75 अरब डॉलर रह गया।

विदेशी मुद्रा कोष में पांच फीसदी योगदान पर्यटन क्षेत्र का था। कोरोना से आर्थिक क्षति बढ़ी है। व्यापार घाटा 207 करोड़ डॉलर का हो गया है। पिछले साल इसी अवधि में यह घाटा 81 करोड़ डॉलर था।

## यूक्रेन पहुंचे जॉनसन ने बढ़ाया मदद का हाथ

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन युद्धग्रस्त यूक्रेन पहुंचे और उन्होंने यूक्रेन को आर्थिक तथा सैन्य मदद की पेशकश की। जॉनसन की यात्रा का मकसद यूक्रेन के प्रति ब्रिटेन की एकजुटता दिखाना है। जॉनसन ने कहा, "यूक्रेन ने मुश्किलों से पार पाया है और रूसी बलों को कीव के दरवाजे से ढकेल दिया है।" उन्होंने कहा, "ऐसा राष्ट्रपति जेलेंस्की के बेहतरीन नेतृत्व और यूक्रेन की जनता के साहस के कारण है कि पुतिन के लक्ष्य नाकाम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि चल रही इस लड़ाई में ब्रिटेन यूक्रेन के साथ लंबे वक्त के लिए है।" उन्होंने कहा, "हम इस त्रासदी को समाप्त करने के लिए स्वयं के सैन्य एवं आर्थिक समर्थन को आगे बढ़ा रहे हैं और एक वैश्विक गठबंधन बना रहे हैं, और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि यूक्रेन एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र के रूप में बना रहे और आगे बढ़े।"

- **जॉनसन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ सैन्य और आर्थिक सहायता पर गहन विचार-विमर्श किया और रूस के साथ चल रहे युद्ध में देश की मदद के लिए 120 बख्तरबंद वाहन तथा नई जहाज-रोधी मिसाइल प्रणालियां सौंपीं।**

ताइवान के

## डिफेंस जोन (एडीआईजेड) में घुसे चीन के सैन्य विमान

चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर चीन के चार सैन्य विमानों ने ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में प्रवेश किया है।

विमान ताइवान के ADIZ के दक्षिण-पश्चिम सेक्टर में दिखाई दिए। जिसके बाद ताइवान की ओर से चीनी विमानों को क्षेत्र छोड़ने की चेतावनी दी गई। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने विमान की गतिविधियों की निगरानी के लिए वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली तैनात की है। ताइवान न्यूज ने बताया कि घुसपैठ को व्यापक रूप से चीन द्वारा ताइवान की वायु रक्षा बलों को कम करने के प्रयासों के रूप में वर्णित किया गया है। ताइवान समाचार के अनुसार,

- **स्थानीय मीडिया के अनुसार, शेनयांग जे-11 लड़ाकू जेट, शानक्सी वाई-8 ईडब्ल्यू इलेक्ट्रॉनिक युद्धक विमान, सीएआईसी डब्ल्यूजेड-10 हेलीकाप्टर और रूस में निर्मित एमआई-17 कार्गो हेलीकाप्टर शामिल थे।**
- **अप्रैल माह में ये सातवीं बार है कि जब चीनी विमानों को ADIZ के दक्षिण-पश्चिम सेक्टर में देखा गया है।**

ADIZ एक ऐसा क्षेत्र है जो किसी देश के हवाई क्षेत्र से आगे तक फैला हुआ है। जहां हवाई यातायात नियंत्रक आने वाले विमानों से खुद की पहचान करने के लिए कहता है। आपको बता दें कि बीजिंग ताइवान पर पूर्ण संप्रभुता का दावा करता है। जबकि दोनों पक्ष सात दशकों से अधिक समय से अलग-अलग शासित हैं। इस तथ्य के बावजूद भी वह यह दावा करता है।

यह देश चीन के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित है जिसमें लगभग दो करोड़ 40 लाख लोग रहते हैं। दूसरी ओर, ताइपे ने अमेरिका सहित अन्य देशों के साथ रणनीतिक संबंधों को बढ़ाकर चीनी आक्रामकता का मुकाबला किया है, जिसका बीजिंग द्वारा बार-बार विरोध किया गया है। चीन ने धमकी दी है कि ताइवान की आजादी का मतलब युद्ध है।

## अबूधाबी में एकल उपयोग वाली प्लास्टिक पर जून से लगेगी रोक

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबूधाबी ने घोषणा की है कि वह एक जून से एकल उपयोग वाली प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाएगा। तेल संपन्न देश के इस कदम को उसके कार्बन उत्सर्जन कटौती के लक्ष्य के मद्देनजर महत्वाकांक्षी कदम माना जा रहा है।

हालांकि, अबूधाबी की सरकार द्वारा संचालित मीडिया कार्यालय की ओर से जारी बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि प्रतिबंध को किस तरह लागू किया जाएगा।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।